हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 04.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 307 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# दिल्ली के रेस्टोरेंट में भीषण आग, विदेशी नागरिकों समेत 21 की मौत



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देश की राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके से बुधवार सुबह एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ स्थित 'फ्लोरिश स्टे' नाम के एक होटल-रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी आगोश में ले लिया। इस भयंकर अग्निकांड में अब तक 21 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो चुकी है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को इलाज के लिए तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मरने वालों और झुलसे लोगों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जो मुख्य रूप से अफ्रीकी देशों के बताए जा रहे हैं। ये विदेशी नागरिक पास ही स्थित मैक्स अस्पताल में अपने परिजनों का इलाज कराने आए थे और इसी होटल में ठहरे हुए थे।

## लापरवाही की हदः अंदर धधक रही थी आग, बाहर लगा था ताला

इस हादसे ने एक बार फिर रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस होटल के पास केवल 6 कमरों का लाइसेंस था, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर यहाँ 25 से ज्यादा कमरे बना दिए गए थे। पूरी इमारत में आने-जाने के लिए केवल एक ही संकरा रास्ता था, जिससे आपातकाल में लोग बाहर नहीं निकल सके। हद तो तब हो गई जब आग की लपटों के बीच बेसमेंट में फंसे लोग बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बेसमेंट के बाहरी गेट पर ताला लटका हुआ था। जान बचाने का कोई रास्ता न देख कई लोगों ने तीसरी मंजिल से ही नीचे छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत नीचे गद्दे बिछाए, जिससे कुछ लोगों की जान बचाई जा सकी।

## शॉर्ट सर्किट से भड़की आग, राहत कार्य जारी

दक्षिण दिल्ली के डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार, पुलिस और दमकल विभाग को सुबह करीब 8:48 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद दमकल की 8 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत और बचाव दल ने इमारत की खिड़कियों को तोड़कर और क्रेन की मदद से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे की वजह को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने बताया कि होटल के बाहर तारों के जाल में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जो तेजी से किचन तक पहुंच गई और वहां रखे गैस सिलेंडरों व अन्य ज्वलनशील सामानों की वजह से पूरी इमारत में फैल गई। प्रशासन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने दिल्ली के मालवीय नगर के एक रेस्टोरेंट में आग लगने से 21 लोगों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर पोस्ट कर मालवीय नगर अग्निकांड पर दुख जताते हुए कहा कि इस घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की साथ ही घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आग में लोगों की मृत्यु पर दुखद जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दुख की इस घड़ी में उन्हें शक्ति और साहस मिले।

## प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के मालवीय नगर में भीषण आग की घटना पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में जनहानि बेहद दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से 2 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने खान एवं भू-तत्व विभाग की कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की

# अवैध खनन पर सख्ती का निर्देश

# निष्क्रिय खदानों की लीज होगी रद्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में खान एवं भू-तत्व तथा भवन निर्माण विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने दोनों विभागों द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं तथा लंबे समय से लंबित कार्यों की बिंदुवार प्रगति का विस्तृत आकलन किया। सीएम ने राज्य में अवैध खनन और बालू के अवैध उठाव पर हर हाल में पूर्ण प्रतिबंध लगाने का कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि इससे न केवल राज्य को भारी राजस्व की हानि होती है, बल्कि यह पर्यावरण और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती है। उन्होंने विभागीय समन्वय, नियमित मैपिंग और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में संचालित बीसीसीएल, सीसीएल एवं ईसीएल की बंद पड़ी खदानों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन खदानों में उत्पादन बंद है, वहां तत्काल उत्पादन पुनः प्रारंभ कराया जाए, अन्यथा उनकी लीज निरस्त करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाए। जिन खनिज ब्लॉकों का ऑक्शन होने के बाद भी वहां काम शुरू नहीं हुआ है, उन्हें कैंसिल कर दोबारा ऑक्शन किया जाएगा। इसके साथ ही, राज्य की 7 गोल्ड माइंस की समीक्षा करते हुए सीएम ने वर्तमान में हो रहे 20 किलोग्राम वार्षिक स्वर्ण उत्पादन को तकनीकी उन्नयन और वैज्ञानिक प्रबंधन के जरिए कई गुना बढ़ाने तथा नए संभावित स्वर्ण भंडारों के शीघ्र ऑक्शन की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड एवं झारखंड माइनिंग एंड एक्सप्लोरेशन कंपनी लिमिटेड को वित्तीय रूप से और सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकाधिक खनिज क्षेत्र आरक्षित करने का निर्देश दिया, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। उन्होंने जेएमईसीएल में रिक्त पड़े विभिन्न पदों पर शीघ्र बहाली करने तथा दोनों संस्थाओं के कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करने को कहा। इसके अलावा, इमराल्ड (पन्ना) हेतु चिन्हित खनिज ब्लॉकों को सरकारी उपक्रमों के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने हेतु राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

राज्य के कुल 820 बालू घाटों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 376 कैटेगरी-1 घाटों पर पंचायतों के माध्यम से उठाव जारी है, जबकि 444 कैटेगरी-2 घाटों में से 300 का ऑक्शन पूरा हो चुका है। उन्होंने ऑक्शन किए गए घाटों से शीघ्र बालू उठाव प्रारंभ कराने और मशीनों से उठाव पर रोक संबंधी आदेश की कानूनी समीक्षा करने के निर्देश दिए। एक अनोखी पहल के तहत, मुख्यमंत्री ने एलपीजी की किल्लत को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी और आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के हॉस्टलों की मैपिंग कर वहां वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सुचारू कोयला आपूर्ति शुरू करने के लिए एक व्यवहारिक योजना बनाने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों को भोजन व अन्य कार्यों में कोई असुविधा न हो।

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, विभागीय सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा सहित कई अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री, जी परमेश्वर ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ



**बेंगलुरु :** कर्नाटक में पिछले तीन साल से जारी मुख्यमंत्री पद का सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार और संकटमोचक माने जाने वाले डीके शिवकुमार ने बुधवार को भव्य समारोह में राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हें संविधान की प्रति हाथ में लिए शपथ दिलाई। उनके साथ कर्नाटक कांग्रेस के दिग्गज दलित नेता जी परमेश्वर ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर कार्यभार संभाल लिया है। इस बड़े सियासी उलटफेर के बाद बेंगलुरु के लोकभवन परिसर स्थित 'ग्लास हाउस' में आयोजित हुआ यह शपथ ग्रहण समारोह बेहद वीआईपी और भव्य रहा।




# बंगाल में टीएमसी दो फाड़ : बागी नेताओं ने की कब्जे की तैयारी

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर बड़ा भूचाल आ गया है। एक दशक से अधिक समय तक राज्य की सत्ता पर एकछत्र राज करने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) इस समय गहरे संकट से गुजर रही है। पार्टी में आंतरिक कलह इस कदर बढ़ चुकी है कि ममता बनर्जी के हाथ से उनकी खुद की बनाई पार्टी, उसका नाम और चुनाव चिह्न 'जोड़फूल' तक छिनने का खतरा मंडरा रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि टीएमसी में ठीक वैसा ही 'महाराष्ट्र मॉडल' दोहराया जा रहा है, जैसा साल 2022 में शिवसेना के साथ हुआ था।

इस पूरे राजनीतिक ड्रामे के केंद्र में पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी और उनके साथी संदीपन साहा हैं। दोनों नेता बुधवार को भारी गहमागहमी के बीच पश्चिम बंगाल विधानसभा पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें टीएमसी के कुल 80 विधायकों में से 59 का स्पष्ट समर्थन प्राप्त है। बागी गुट के सूत्रों के मुताबिक, इन विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में अपना नया नेता भी चुन लिया है। बागी गुट ने विधानसभा अध्यक्ष रतींद्रनाथ बोस को एक समर्थन पत्र भी सौंपा है, जिसमें दावा किया गया है कि दो-तिहाई से अधिक यानी 54 से ज्यादा विधायक उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। अगर यह आंकड़ा सच साबित होता है, तो दल-बदल कानून के तहत इन विधायकों पर कोई आंच नहीं आएगी और ममता बनर्जी के लिए अपनी ही पार्टी को बचा पाना नामुमकिन हो जाएगा।

यह पूरा विवाद तब और गहरा गया जब विधानसभा में विपक्ष के नेता के चयन को लेकर 'हस्ताक्षर कांड' सामने आया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा नेता प्रतिपक्ष के रूप में शोभनदेव चट्टोपाध्याय के नाम का जो प्रस्ताव भेजा गया था, उसमें विधायकों के हस्ताक्षरों का बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा किया गया है। ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने भी स्पीकर को लिखित शिकायत सौंपकर दावा किया कि इस प्रस्ताव पर 14 विधायकों के दस्तखत पूरी तरह फर्जी

## अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची ईडी, गिरफ्तारी से बचने के लिए टीएमसी सांसद ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा

पश्चिम बंगाल के कथित प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी पर अपना शिकंजा और कस दिया है। बुधवार को ईडी के अधिकारियों की एक विशेष टीम कोलकाता के कालीघाट स्थित अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची। जांच एजेंसी के अधिकारी उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए समन जारी करने और नोटिस देने पहुंचे थे, हालांकि इस दौरान बनर्जी अपने घर पर उपस्थित नहीं मिले। सूत्रों के मुताबिक, वह उस समय पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने गए हुए थे।

एक नजर

## युवा कांग्रेसी नेता मंजीत यादव ने वित्त मंत्री से मिलकर रखीं बरही विधानसभा की समस्याएं



**बरही :** बरही विधानसभा अध्यक्ष मंजीत यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस नेताओं ने रांची स्थित आवासीय कार्यालय में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात कर बरही विधानसभा की गंभीर समस्याएं रखीं, जिसमें नेताओं ने कहा कि बरही में संचालित सभी कंपनियां स्थानीय लोगों को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं जिससे मजबूरी में पलायन बढ़ रहा है, साथ ही बरही, चौपारण व पदमा में खुलेआम गौ तस्करी, अफीम की खेती, अवैध शराब का कारोबार व जंगलों में हजारों पेड़ों की कटाई सफेदपोश के संरक्षण में हो रही है जिससे प्रतिदिन लाखों रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, इस संबंध में मंत्री को लिखित शिकायत सौंपी गई और चेतावनी दी गई कि यदि अवैध काम नहीं रुके तो युवा कांग्रेस आंदोलन करने पर मजबूर होगी, इस दौरान मंत्री से मिलने वालों में बरही विधानसभा अध्यक्ष मंजीत यादव, जिला युवा उपाध्यक्ष रिंकू कुमार, युवा नेता पदमा चुन्नू कुमार, संजय चौरसिया व अनिल शर्मा शामिल थे।

## हथगढ़ा भंडारो में रातभर गूंजती रही कव्वाली श्रोता झूमते रहे



**बरही:** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम हथगढ़ा भंडारो में मंगवार की रात भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता के प्रसिद्ध कव्वाल नासिर हुसैन और उत्तर प्रदेश की मशहूर कव्वाल शाहिना नाज के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दोनों कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब ताहिर साहब ने की, जबकि संचालन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम तथा समाजसेवी पप्पू खान ने संयुक्त रूप से किया।
कव्वाली कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बरही प्रमुख मनोज रजक, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव केदार पासवान, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, डापोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, विजया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पप्पू खान, इलियास खान, ताहिर हुसैन, मंसूर आलम, तैयब अंसारी, वाजिद अली, सादिक अंसारी, गयास उद्दीन समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की नगर पंचायत की योजनाओं की समीक्षा

**खूंटी :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी लेते हुए अर्बन वाटर सप्लाई योजना को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी वार्ड में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं होना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने और पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया गया।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 5 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र, डीसी-डीडीसी ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बुधवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग के तत्वावधान में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न टीएसपी एवं प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार व कौशल विकास के अवसर दिए, इस मेले में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड-मेगा स्किल्स सेंटर, आरएन वाई एम कॉलेज बरही के प्रशिक्षित उम्मीदवारों ने सक्रिय सहभागिता की और कुल 05 उम्मीदवारों अर्चना कुमारी, श्रुति कुमारी, सुगनी कुमारी, प्रेमा कुमारी व लोकेश दास को विभिन्न कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, सभी चयनित उम्मीदवारों को उपायुक्त हेमंत सती एवं उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने मंच पर आमंत्रित कर नियुक्ति पत्र सौंपा व उनकी उपलब्धि की सराहना की, ये सभी उम्मीदवार मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त हैं, इस सफल आयोजन में डीएसओ देव कुमार प्रसाद, UNDP के प्रकाश कुमार पांडेय, ऑपरेशन मैनेजर दिलीप कुमार गुप्ता तथा प्लेसमेंट मैनेजर राकेश किस्कू का विशेष योगदान व मार्गदर्शन रहा, कार्यक्रम में विभिन्न टीएसपी, नियोक्ताओं एवं विभागीय अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ और यह मेला युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।




## गुरु चट्टी धर्मशाला मोहल्ला में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, बिजली समस्या से मिलेगी राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से गुरु चट्टी धर्मशाला मोहल्ला में नए बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया। बताते चले कि पिछले दिनों ही ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी वजह से मोहल्लेवासी अंधेरे में रह रहे थे और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी के विधायक रोशन लाल चौधरी को दी गई जिस पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए विभाग से नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस नए ट्रांसफार्मर के लग जाने से क्षेत्र के लोगों को लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से बड़ी राहत मिली। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन गुरु चट्टी समाज के संयोजक सुरेंद्र कुमार, अध्यक्ष संतोष कुमार और सचिव संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि इस मोहल्ले में लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई थी, जिसे विधायक के संज्ञान में लाया गया था। विधायक रोशन लाल चौधरी के त्वरित प्रयास ट्रांसफार्मर लगाया गया जिसके बाद अब पूरे मोहल्ले को सुचारू रूप से बिजली मिल सकेगी। इस विकास कार्य से स्थानीय समाज और ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मोहल्ले वासियों ने विधायक रोशन लाल चौधरी के इस जनहित कार्य की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सह-सचिव घनश्याम मेहता, अरविंद कुमार और दीपू कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।



## बरही एसडीपीओ ने बैंक अधिकारियों के साथ की सुरक्षा बैठक, सीसीटीवी एवं गार्ड तैनाती का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बुधवार को बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने बरही के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैंक सुरक्षा को लेकर बैठक की। बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार भी मौजूद रहे। एसडीपीओ जिसमें बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और बैंकों-एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने पर चर्चा हुई ।

उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक व एटीएम के अंदर-बाहर CCTV कैमरे 24 घंटे चालू रखें, आपातकालीन अलार्म सिस्टम की नियमित जांच करें, एटीएम व बैंक शाखाओं में पर्याप्त संख्या में सशस्त्र या प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की तैनाती सुनिश्चित करें।

सभी सुरक्षा गार्डों व आकस्मिक कर्मचारियों का अनिवार्य पुलिस वेरिफिकेशन कराएं। सुरक्षा के लिहाज से मुख्य गेट पर गार्ड तैनात कर आने-जाने वाले लोगों का नाम व मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करें तथा सार्वजनिक सुविधा के लिए पीने का पानी, कुर्सी की व्यवस्था करने और बरही चौक पर CCTV कैमरा लगाने की सलाह दी, वहीं एसडीपीओ ने कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम व ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुलिस-प्रशासन व बैंक प्रबंधन के बेहतर समन्वय से ही अपराध पर लगाम लगेगी, बता दें कि बरही मुख्यालय में विभिन्न बैंकों की कुल 18 शाखाएं संचालित हैं।

बैठक में स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र सहित अन्य सभी बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।



## वन विभाग का बड़ा अभियान, 20 अवैध शराब भाटिया सहित 30 हजार लीटर महुआ किया नष्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** भगहर क्षेत्र के जंगलों में संचालित अवैध शराब भट्ठियों और लकड़ी माफियाओं के खिलाफ वन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। वन विभाग एवं चौपारण थाना पुलिस की संयुक्त टीम लगातार जंगलों में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों पर नकेल कस रही है। इस अभियान में बरही, सदर एवं चौपारण प्रक्षेत्र के वनकर्मियों के साथ पुलिस बल भी सक्रिय रूप से शामिल है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान टीम ने जंगलों में संचालित 20 अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया तथा करीब 30 हजार लीटर जावा महुआ को नष्ट कर दिया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में महुआ शराब, जावा महुआ, ड्रम, डेगची समेत शराब निर्माण में प्रयुक्त अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। जब्त सामग्री को नियमानुसार नष्ट करते हुए कब्जे में ले लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जंगलों में अवैध कटाई, अवैध शराब निर्माण और वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में अभियान को और तेज किया जाएगा तथा जंगलों में अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार नजर रखी जाएगी।



## 11 वर्षीय बच्ची और 3 वर्षीय मासूम भाई की निर्मम हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कटकमदाग थाना क्षेत्र से लापता 11 वर्षीय बच्ची और उसके 3 वर्षीय छोटे भाई की निर्मम हत्या मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। इस दोहरे हत्याकांड में शामिल आरोपी संजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए घटना की पूरी कहानी बताई है। पुलिस के अनुसार, 30 मई 2026 को कटकमदाग थाना क्षेत्र से एक 11 वर्षीय बच्ची और उसका 3 वर्षीय भाई अचानक लापता हो गए थे। परिजनों की शिकायत पर कटकमदाग थाना में मामला दर्ज कर विशेष जांच दल का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और विभिन्न संभावित स्थानों पर छापेमारी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान 31 मई को कोर्रा थाना क्षेत्र के सिंदूर स्थित श्मशान घाट से बच्ची का शव बरामद हुआ। इसके बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें मृत बच्ची के छोटे भाई का शव भी घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक कुएं से बरामद किया गया। दोनों शवों की पहचान परिजनों द्वारा की गई। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को पता चला कि दोनों बच्चों को एक व्यक्ति स्कूटी पर बैठाकर ले गया था। जांच में उसकी पहचान संजीत पासवान के रूप में हुई, जो स्थानीय क्षेत्र का निवासी है।



### उपायुक्त ने नगर भ्रमण कर जल निकासी व्यवस्था एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

# पुराने सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण परिसर में बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने नगर भ्रमण कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह,नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, एनएच के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**लाखे मजार समीप जल जमाव की स्थिति का स्थल निरीक्षण**

नगर भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने सदर प्रखंड अंतर्गत लाखे मजार के समीप लंबे समय से बनी जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने जल जमाव की स्थिति एवं उसके कारणों का बारीकी से अवलोकन किया तथा पानी निकासी के वैकल्पिक मार्गों की संभावनाओं की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सड़क की दूसरी ओर पानी के सुचारू बहाव एवं निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम, एल एंड टी, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तथा जुड़को के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि स्थानीय लोगों को जल जमाव की समस्या से राहत मिल सके।



**पुराना सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भ्रमण**

इसके उपरांत उपायुक्त झिनझरिया पुल के समीप स्थित पुराने सदर अंचल कार्यालय परिसर पहुंचे और वहां उपलब्ध भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्र में लगभग 2.25 एकड़ भूमि वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी हुई है। इस भूमि का जनहित में बेहतर उपयोग करते हुए यहां एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**पाइप लाइन बिछाव कार्य की समीक्षा**

नगर भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर एल एंड टी द्वारा प्रस्तावित पाइपलाइन बिछाव कार्य प्रारंभ में आ रही चुनौतियों एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा कार्य को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कई आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## अवैध बालू खनन से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान, मुखिया ने रोक लगाने की मांग



**चलकुसा :** चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में कथित रूप से हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर चलकुशा पंचायत के मुखिया आलोक सिंह ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है, जिससे सरकार को भारी राजस्व क्षति हो रही है। मुखिया आलोक सिंह ने कहा कि प्रशासन को अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगानी चाहिए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के सहयोग से अवैध खनन को रोकने के लिए बाध्य होंगे। इधर, खनन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी स्थानीय लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पीएचईडी विभाग द्वारा खनन विभाग को दिए गए जानकारी के आधार पर हजारीबाग खनन विभाग ने दिनांक 31 मार्च 2026 को चलकुशा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि चलकुशा बराकर नदी घाट स्थित पानी टंकी के समीप अवैध रूप से बालू का उठाव किया गया है। जिससे करोड़ों रुपये की लागत से संचालित जलापूर्ति योजना पर खतरा उत्पन्न हो गया है और इसके प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चलकुशा थाना पुलिस में अज्ञात लोगों के विरुद्ध चलकुशा थाना कांड संख्या 29/26 प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर, खनन विभाग द्वारा बराकर नदी घाट स्थित पानी टंकी से लगभग एक किलोमीटर के दायरे में बालू डंपिंग यार्ड संचालित करने की अनुमति दिए जाने की चर्चा भी है। इसी को लेकर स्थानीय लोग विभाग की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि 17 अप्रैल 2026 को सरकार के द्वारा दिए गए दिशा-निदेशों के अनुसार पुलिस खनन संबंधी चालान और अनुमति की जांच में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पुलिस निर्धारित नियमों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है।

## बीजीआर के पदाधिकारीयों को ग्रामीणों ने घंटो घेरा



**बड़कागांव :** एनटीपीसी एनएमएल माइनिंग बादाम कोयला खनन परियोजना के एमडीओ कंपनी बीजीआर के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को सोमवार को बड़कागांव थाना क्षेत्र के अंबाजीत गांव के निकट कंपनी द्वारा बनाए गए अस्थायी कार्यालय में कंपनी के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को रैयतों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। गोंदलपुरा, बादाम, हरली सहित आसपास के कई गांव टोला के रैयतों ने कंपनी के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को घंटों घेरकर रखा।और अपनी विभिन्न मांगों और आपत्तियों को लेकर नाराजगी जताई।इस दरमियान उपस्थित रैयतों के द्वारा कंपनी के विरुद्ध नारे लगाए गए। ग्रामीणों का एक स्वर में कहना था कि उनकी समस्याओं और मांगों पर अब तक गंभीरता से विचार नहीं किया गया है।इसके कारण क्षेत्र में लगातार असंतोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन, कंपनी प्रबंधन एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता नहीं होती, तब तक कंपनी के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को क्षेत्र में नहीं आने दिया जाएगा। इसकी सूचना बड़कागांव पुलिस को मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का हर संभव प्रयास किया। इसके बाद ग्रामीणों और कंपनी के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई। वार्ता के दौरान कंपनी के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि त्रिपक्षीय बैठक आयोजित होने तक वे क्षेत्र में नहीं आएंगे और किसी प्रकार की गतिविधि नहीं चलाएंगे। ग्रामीणों ने भी चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि तय शर्तों का उल्लंघन कर कंपनी के अधिकारी या कर्मचारी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं तो उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में पुलिस-प्रशासन भी उन्हें बचाने नहीं पहुंच पाएंगे।काफी देर तक चले गतिरोध के बाद कंपनी अधिकारियों द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता होने तक क्षेत्र में नहीं आने का आश्वासन दिए जाने पर ग्रामीणों ने उन्हें जाने दिया।लगभग 11:00 बजे दिन से लेकर लगभग 8:00 बजे तक चली इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में कंपनी और ग्रामीणों के बीच चल रहे विवाद को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।अब सभी की नजरें प्रस्तावित त्रिपक्षीय वार्ता पर टिकी है। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव पुलिस पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह,एसआई राकेश खवास, अमित कुमार, अभिषेक कुमार , रामराज सिंह, वरूण कुमार सहित पुलिस सशस्त्र बल उपस्थित थे।

## अवैध ड्रग्स नशें के कारोबारी पर बड़ी कर्रवाई दो को भेजा जेल एक अभी भी सप्लायर फरार



**हजारीबाग :** पदमा में मंगलवार को करीब 3:00 बजे पदमा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की ठल्र -33 के पास चमेली झरना की तरह जाने वाले रास्ते में कुछ अवैध नशें का करोबार ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री की जा रही है। बरही अनुमंडलीय SDPO के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त की गई। आज पदमा थाना में SDPO राधा प्रेम किशोर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि आरोपी संदीप कुमार मेहता उम्र - 24 साल पिता - बैजनाथ महतो, ग्राम-जीहू थाना- पदमा ओ पी, जिला-हजारीबाग और सुभाष कुमार राम उर्फ निखिल ग्राम-बरवा, थाना-इचाक, जिला-हजारीबाग निवासी है। दोनों के पास से 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन जब्त की गई है। पकड़ाये गए दोनों आरोपी ने बताया कि ये ब्राउन शुगर ऋषि कुमार मेहता पिता-राजेश प्रसाद मेहता ग्राम-सुरजपुरा थाना-पदमा ओ पी से ब्राउन शुगर खरीदा था। आयुक्त ऋषि कुमार जो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले में बरही थाना कांड संख्या 177/2026 दर्ज करके पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत दोनों को जेल भेज दिया गया है। बरही अनुमंडलीय रऊढ़ड राधा प्रेम किशोर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर अवैध कारोबार की जानकारी हो तो आप थाना में हमें सुचना जरुर दे ताकि प्रखंड को नशें के काले बाजरी को रोका जा सके साथ ही आपके द्वारा दिए गए सुचना को गुप्त रखा जाएगा। और परिजनों से अपील करते हुए है कहा ऐसे गतिविधियां में अगर आपको बच्चा या परिवार के सदस्य शामिल हैं तो उसे जरूर जागरुक करे कि ऐसे अवैध कारोबार में शामिल ना हो और किसी के जिंदगी के साथ खिलवाड़ ना करें।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उद्योग विभाग की योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

# झारक्राफ्ट को आधुनिक बाजार से जोड़ने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में उद्योग विभाग की योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उच्चस्तरीय बैठक में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और विभागीय योजनाओं की प्रगति पर व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक विकास की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया जाए, ताकि राज्य में निवेश बढ़े और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें।




मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य की संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके लिए निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में योजनाबद्ध और समन्वित प्रयास किए जाएं।

बैठक में झारक्राफ्ट की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद विकसित किए जाएं और युवाओं, विशेषकर नई पीढ़ी को इस क्षेत्र से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की कला, संस्कृति और पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े उत्पादों को आधुनिक स्वरूप देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री को राज्य के पर्यटन स्थलों से जोड़ने तथा भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

माटी कला बोर्ड की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने लौह-कर्म, काष्ठ-कर्म, कुम्भकारी और अन्य पारंपरिक शिल्प कार्यों से जुड़े कारीगरों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये पारंपरिक व्यवसाय झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन आधुनिक तकनीक और औद्योगिक उत्पादों के बढ़ते प्रभाव के कारण इनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि माटी कला बोर्ड शिल्पकारों की पहचान, प्रशिक्षण, क्षमता विकास और आधुनिक डिजाइन व तकनीक से उन्हें जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करे। साथ ही कारीगरों को संगठित कर उनके उत्पादों को बाजार से जोड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाए।

उन्होंने लकड़ी और मिट्टी से बने उत्पादों को झारक्राफ्ट के माध्यम से मूल्य संवर्धन कर आकर्षक, आधुनिक और बाजारोन्मुख स्वरूप देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने पर भी बल दिया, ताकि शिल्पकारों की आय में वृद्धि हो सके और उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

मुख्यमंत्री ने राज्य में निमार्णाधीन लॉजिस्टिक पार्क और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जैसी महत्वपूर्ण औद्योगिक अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक पार्क के विकसित होने से परिवहन, भंडारण और वितरण प्रणाली मजबूत होगी, जिससे उद्योगों की लागत कम होगी और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक संपर्क बढ़ेंगे तथा राज्य में निवेश की संभावनाएं मजबूत होंगी।

मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं से जुड़े सभी अवरोधों को शीघ्र दूर करने और समन्वित प्रयासों के माध्यम से कार्यों को गति देने का निर्देश दिया, ताकि झारखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक और निवेश गंतव्यों में शामिल किया जा सके।

बैठक में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, विभागीय सचिव अरवा राजकमल, झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह, निदेशक विशाल सागर, निदेशक प्रीति रानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनगडा अंजुमन उल मुस्लिमीन के नेतृत्व में छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया



**रांची :** हेसल रिंग रोड परवेज खान के आवास में अंजुमन उल मुस्लमीन अनगड़ा वके वेनर तले सम्मान समारोह का आयोजन संचालन अब्दुल इमाम अंसारी ने किया। कार्यक्रम में ऐसे विद्यार्थियों जो मैट्रिक व इंटर के परीक्षा में 60 परसेंट से लेकर उससे ज्यादा परसेंट से उतीर्ण हुए हैं उन्हें । कमिटी के द्वारा संविधान का बुक मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि - नईम अंसारी विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधासभा । विशिष्ट अतिथि एनुल हक और अनुराधा मुंडा । समाज सेवी मुस्तफा अंसारी परवेज खान अनवर खान इब्राहिम अंसारी सहनाज खातून, रामसाय मुंडा भाजपा युवा नेता,रब्बानी राज, साकिर अंसारी, डॉ गुलजार, अंसार अंसारी, मिनहाज अंसारी, युनूस अंसारी, अमीरुल अंसारी, साकिर अंसारी, सकील अंसारी अजीज अंसारी, नसीम अंसारी, सिद्दीक अंसारी, अब्बास अंसारी, सोएब अंसारी और क्षेत्र के समाज सेवी आदि शामिल थे।

### साई बालाजी आयुर्वेदिक अस्पताल ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**रांची :** साई बालाजी आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल, मोराबादी, राँची में चौथी वर्षगांठ पर एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया, जिसमें हड्डी, नस,लिवर, ज्वाइंट, स्पाइन, गर्दन , घुटना जैसे बीमारी का सैकड़ों लोगों ने आयुर्वेदिक परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। इसमें 150से अधिक लोगों का नि: शुल्क परामर्श और दवा दिया गया। हॉस्पिटल के प्रमुख वैद्य डॉ. ऋषि ने बताया कि आज का समय आयुर्वेद को अपनाने का है उनका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि लोगों को आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा देना है। कार्यक्रम में पंचकर्म और शिरोधारा जैसी उपचार विधियों का लाइव प्रदर्शन हुआ, जिसे लोगों ने सराहा। पिछले चार वर्षों में हॉस्पिटल ने लगभग 30,000 से अधिक रोगियों को सफल उपचार प्रदान किया है और आज यह झारखंड में आयुर्वेद का एक विश्वसनीय नाम बन चुका है।

### सीओ ने की एसआईआर को लेकर बैठक, कहा दस्तावेज के रहते मतदाता सूची से बाहर न हो



**रांची :** सिल्ली सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सिल्ली अरुणिमा एक्का ने बुधवार को वीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की. सीओ ने कहा मतदाता सूची का शुद्धिकरण राष्ट्रीय महत्व की प्रक्रिया है. इससे चुनावों की पारदर्शिता बढ़ती है. नए वोटर जोड़ना, मृत/शिफ्ट हो गए वोटर हटाना, डिटेल सही करना - ये सब एसआईआर में होता है. एस आई आर का काम 30 जून से शुरू होगा, इसमें 11 दस्तावेज जरूरी है. सीओ ने बताया जिन मतदाताओ या उनके माता-पिता का नाम राज्य के अंतिम सूची 2003 या उससे पहले में दर्ज है ऐसे सभी मतदाताओं को पूर्व सत्यापित माना गया है. ऐसे मतदाताओं से वीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र या दस्तावेज की मांग नही की जाएगी. वीएलओ केवल वर्तमान निवास की पुष्टि करेगा. आयोग का उद्देश्य नागरिकों को सरलीकृत, सुगम और भरोसेमंद प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता दस्तावेजों की कमी, भ्रम या अनावश्य औपचारिकताओं के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

### झारखंड में बढ़ी गर्मी की तपिश, कई जिलों के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना नहीं है और पूरे सप्ताह मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, रांची के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं जमशेदपुर और बोकारो में क्रमशः 3 डिग्री और 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण लोगों को दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान पलामू जिले के डाल्टनगंज में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक वर्षा हजारीबाग में हुई, जहां 2.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### रिम्स भूमि फर्जीवाड़ा : दो आरोपितों की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची :** रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की अधिग्रहीत भूमि से जुड़े बहुचर्चित फजीर्वाड़ा मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों राजकिशोर बड़ाईक और कार्तिक बड़ाईक की जमानत याचिका पर बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में अब 6 जून को अदालत अपना आदेश सुनाएगी।

## एक नजर

### नितिन नवीन के झारखंड दौरे की तैयारियों में जुटी भाजपा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के छह और सात जून को प्रस्तावित दो दिवसीय झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दौरे की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाऊरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दो दिवसीय दौरे को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य दौरे से संबंधित सभी कार्यक्रमों की रणनीति तय करना और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारियां निर्धारित करना था। बाऊरी ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रमों से जुड़ी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई और विभिन्न नेताओं एवं पदाधिकारियों के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद यह उनका पहला झारखंड दौरा होगा, इसलिए इसे लेकर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा महामंत्री ने कहा कि अपने प्रवास के दौरान नितिन नवीन पार्टी की कई संगठनात्मक बैठकों में भाग लेंगे। इसके अलावा वे विभिन्न सामाजिक और गैर-राजनीतिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा का मानना है कि इस दौरे से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा।

### एएफआई के एथलेटिक्स मीट मैनेजर कोर्स में रांची के शिव कुमार रमन सफल

**रांची :** भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई), नई दिल्ली द्वारा आयोजित एथलेटिक्स मीट मैनेजर कोर्स में रांची के एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी शिव कुमार रमन ने सफलता प्राप्त कर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि को राज्य में एथलेटिक्स के तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। झारखंड एथलेटिक्स संघ की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 19 अप्रैल तक पंजाब के पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) में आयोजित किया गया था। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 प्रतिभागियों ने इस कोर्स में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के संचालन से जुड़े तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## सेल सुरक्षा संगठन की सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता संपन्न कार्यस्थल सुरक्षा में नवाचारों का हुआ प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची द्वारा मंगलवार को आईईएच, सेल सैटेलाइट कॉलोनी परिसर में एकीकृत सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता-2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों की भागीदारी बढ़ाने, कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा सुरक्षा क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करना था। सेफ्टी सर्कल को कार्यस्थल पर नई सोच, बेहतर सुरक्षा उपायों और सतत सुधार की दिशा में एक प्रभावी मंच माना जाता है। यह पहल सेल की "शून्य क्षति संस्कृति" के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।




प्रतियोगिता में सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों से कुल 13 टीमों के 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी टीमों ने कार्यस्थलों पर संभावित खतरों को कम करने और सुरक्षा मानकों को मजबूत बनाने के लिए किए गए विभिन्न नवाचारों, परियोजनाओं और सुरक्षा पहलों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं।

प्रस्तुतियों का मूल्यांकन सेल सुरक्षा संगठन के पूर्व महाप्रबंधक (सुरक्षा) संजय अग्रवाल और एमटीआई के महाप्रबंधक (प्रभारी) अतनु मुखर्जी ने किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा उपायों और संगठन में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की।

पुरस्कार वितरण समारोह में सेल सुरक्षा संगठन के कार्यपालक निदेशक के. रामाकृष्णा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कार्यस्थल सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षा को संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बताते हुए नवाचार आधारित सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन एजीएम (सुरक्षा) अभिषेक कुमार ने किया। प्रतियोगिता का समापन सेल गान के साथ हुआ।

## पूजा सिंघल और अभिषेक झा ने कोर्ट में जमा किया पासपोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धन शोधन मामले में आरोपित भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद अपना पासपोर्ट पीएमएलए की विशेष अदालत में जमा कर दिया। दोनों अपनी बेटी के इलाज के सिलसिले में सिंगापुर गए थे। अदालत के निदेर्शानुसार भारत लौटने के बाद निर्धारित अवधि के भीतर उन्होंने पासपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने चार मई को पूजा सिंघल और अभिषेक झा को सात दिनों के लिए सिंगापुर जाने की अनुमति दी थी। अदालत ने यह अनुमति उनकी बेटी की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए प्रदान की थी। आदेश के अनुसार, दोनों को 31 मई तक भारत लौटना था और वापसी के एक सप्ताह के भीतर अपना पासपोर्ट अदालत में जमा करना अनिवार्य था।

दरअसल, पूजा सिंघल और अभिषेक झा की ओर से अदालत में एक याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें उनकी बेटी की गंभीर बीमारी का उल्लेख किया गया था। याचिका में कहा गया था कि उनकी बेटी लार्ज सेरेब्रल आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन नामक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से पीड़ित है। यह मस्तिष्क से जुड़ी एक जटिल चिकित्सकीय स्थिति है, जिसमें रक्त वाहिकाओं का असामान्य विकास हो जाता है और मरीज को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

विशेष अदालत ने मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद सीमित अवधि के लिए विदेश यात्रा की अनुमति प्रदान की थी। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि यात्रा पूरी होने के बाद दोनों को वापस लौटकर पासपोर्ट अदालत में जमा करना होगा।

## विधायक ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन स्थानीय विधायक अमित महतो की उपस्थिति में झारखंड सरकार के 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के हाकेदाग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास पांचू देवी एवं मुरी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र का शिलान्यास धुटु मिया देवी ने किया। शिलान्यास के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सिल्ली विधायक अमित महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है।इन स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण होने से आसपास के गांव के लोगों को उचित समय पर इलाज की सुविधा प्राप्त होगी एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती भी मिलेगी। वर्तमान सरकार क्षेत्र में विकास को लेकर काफी गंभीर है और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ताकि आम जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा सके।

## रांची जिला प्रशासन का सार्वजनिक स्थलों पर अड्डेबाजी और नशापान के खिलाफ चला अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने सार्वजनिक स्थलों पर अड्डाबाजी, नशापान और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत के नेतृत्व में अरगोड़ा थाना क्षेत्र में व्यापक जांच और निरीक्षण अभियान संचालित किया गया।



मंगलवार देर रात चलाए गए अभियान के तहत अरगोड़ा मैदान, हरमू मैदान, अरगोड़ा चौक, हरमू स्थित शराब दुकान तथा आसपास के इलाकों में सघन जांच की गई।

इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी कारण एकत्रित लोगों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई और उन्हें सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और शिल्पी नेहा तिर्की ने 'मायरा पॉलीक्लिनिक' का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को रांची के मौलाना आजाद कॉलोनी में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मायरा पॉलीक्लिनिक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति रही।



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस मौके पर कहा कि स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है और राज्य सरकार की प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने मायरा पॉलीक्लिनिक की स्थापना को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह संस्थान केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि मानव सेवा का प्रतीक है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यहां उपलब्ध आधुनिक जांच सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं तथा 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था क्षेत्र के हजारों परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने संस्थापक डॉ. ताबां रिजवी और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐसी जनहितकारी पहलों को हमेशा प्रोत्साहित करती रहेगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसी भी समाज का समग्र विकास तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पॉलीक्लिनिक क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

कार्यक्रम में रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में समय का बहुत महत्व होता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में मायरा पॉलीक्लिनिक जैसी संस्थाएं स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मायरा पॉलीक्लिनिक के संस्थापक डॉ. ताबां रिजवी ने कहा कि यह संस्थान केवल एक चिकित्सा केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र के गरीब, मजदूर, मध्यमवर्गीय और जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा और विश्वास का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों की पहुंच तक पहुंचाना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है।

समारोह में झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मुख्तार अहमद सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने संस्थान का निरीक्षण भी किया और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

## एक नजर

### सखी वन स्टॉप सेंटर में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर विशेष जागरूकता अभियान

**कोडरमा :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर, कोडरमा में महिलाओं एवं किशोरियों के बीच तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण कैंसर सहित अनेक गंभीर शारीरिक बीमारियां होती हैं। साथ ही तंबाकू की लत व्यक्ति को आर्थिक रूप से कमजोर बनाती है और परिवार को भी संकटग्रस्त कर देती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार नवल, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश निशांत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, केंद्र प्रशासक अर्चना ज्वाला, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह तथा दिनेश पाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए लोगों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

### मां मथुरासिनी दरबार मंडल की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया :** माहुरी समाज के श्रद्धालुओं एवं स्वजाति बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री माहुरी भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अरुण सेठ ने की, जबकि संचालन सुनील भदानी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि माँ मथुरासिनी दरबार भजन मंडली के तत्वावधान में समाज के प्रत्येक घर तक धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यहर घर ज्योतह्न कार्यक्रम के साथ नियमित भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह तय किया गया कि इस अभियान के तहत प्रथम भजन-कीर्तन कार्यक्रम आगामी 08 जून 2026 को श्री माहुरी भवन में शाम 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात क्रमवार रूप से माँ मथुरासिनी मंदिर स्थल पर भी भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपस्थित सदस्यों ने इस पहल को समाज में धार्मिक चेतना, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विभिन्न दायित्वों का भी निर्धारण किया गया। सर्वसम्मति से पूनम सेठ को माँ मथुरासिनी दरबार मंडल का संयोजक तथा विकास वैशखियार एवं आशुतोष भदानी को सह-संयोजक मनोनीत किया गया। नवगठित टीम को धार्मिक कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं समाज के अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### सीआरपीएफ डीआईजी डीसी और एसपी ने की उच्चस्तरीय बैठक

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने तथा दुर्गम क्षेत्रों तक विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। चाईबासा स्थित कार्यालय में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु तथा सीआरपीएफ डीआईजी विनोद कार्तिक ने सुरक्षा, विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रहे सुरक्षा अभियानों की समीक्षा की गई । अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जिला प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय से न केवल नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं फोरलेन हादसे में दो दोस्तों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो

**रामगढ़ :** जन्मदिन का जश्न मनाकर घर लौट रहे दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से सौंदा डी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बासल थाना क्षेत्र के सियारी टोला स्थित फोरलेन सड़क पर हुए इस दर्दनाक हादसे में दोनों युवक पूरी रात सड़क से दूर घायल अवस्था में पड़े रहे। सुबह स्थानीय लोगों की नजर पड़ने के बाद घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों तक पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार सौंदा डी निवासी अभिषेक शर्मा उर्फ संदीप कुमार, पिता स्वर्गीय ओमकार शर्मा का 2 जून को जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए वह अपने मित्र राहुल कुमार, पिता सिजोर गोप, निवासी सौंदा डी शक्तिनगर के साथ पतरातू डैम क्षेत्र स्थित एक होटल गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों बाइक संख्या जेएच-24एम-2730 से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि बलकुदरा-गेगदा फोरलेन मार्ग पर सियारी टोला के समीप उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर पार करते हुए सड़क से करीब 100 फीट दूर जा पहुंची और एक अर्धनिर्मित मकान की दीवार से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उनकी मौत हो गई। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन और आसपास के लोग दोनों युवकों की खोजबीन करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुर्घटनास्थल पर दोनों को देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शवों की पहचान की। घटना की सूचना मिलते ही पूरे सौंदा डी क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस पूरे घटनाक्रम की पड़ताल में जुटी हुई है।

## रेलवे साइडिंग में दर्दनाक हादसा, पेलोडर की चपेट में आकर चालक की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र स्थित भुरकुंडा रेलवे स्टेशन साइडिंग में बुधवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक जितेंद्र नायक की मौत हो गई। कार्य के दौरान पेलोडर के अगले चक्के की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे साइडिंग क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि घटना ने कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बरकाकाना के जमीरा ओपी क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय जितेंद्र नायक भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में चालक के रूप में कार्यरत थे। बताया जाता है कि दोपहर में भोजन के बाद वह अपने कार्यस्थल पर मौजूद थे। इसी दौरान करीब तीन बजे एक पेलोडर को आगे बढ़ाया जा रहा था। अचानक वह उसकी चपेट में आ गए और पेलोडर का अगला चक्का उनके सिर पर चढ़ गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भदानीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजनों की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर मामले की विस्तृत जांच भी की जाएगी। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि चालक जितेंद्र नायक आखिर पेलोडर के इतने करीब कैसे पहुंचे। यदि वह वहां मौजूद थे तो पेलोडर चालक को उनकी मौजूदगी क्यों नहीं दिखी। प्रत्यक्षदर्शियों के बीच भी इस बात को लेकर चर्चा है कि हादसा केवल दुर्घटना था या सुरक्षा मानकों में कहीं गंभीर चूक हुई। मृतक की पुत्री पूजा नायक ने बताया कि उनके पिता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी परिजनों को काफी देर बाद मिली। उनका कहना है कि यदि परिवार की ओर से फोन नहीं किया जाता तो उन्हें समय पर घटना की सूचना भी नहीं मिलती। इससे परिजनों में नाराजगी है और वे पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## फायरिंग के बाद वायरल धमकी से गिद्दी में सनसनी, सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गिद्दी परियोजना क्षेत्र में मंगलवार रात हुई फायरिंग की घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक कथित धमकी भरे पोस्ट और पोस्टर ने इलाके में नई सनसनी फैला दी है। वायरल सामग्री में फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का दावा करते हुए कारोबारी आनंद जैन को खुली चेतावनी दी गई है। हालांकि पोस्ट और पोस्टर की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहे एक पोस्ट में गिद्दी परियोजना में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी राहुल दुबे गैंग की ओर से लेने का दावा किया गया है। पोस्ट में आनंद जैन को चेतावनी देते हुए उनके परिवार, कर्मचारियों और मजदूरों को निशाना बनाने जैसी बातें लिखी गई हैं। इसके साथ ही कई आपराधिक गिरोहों का भी उल्लेख किया गया है। पोस्ट वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा और चिंता दोनों बढ़ गई हैं। वायरल हो रहे एक अन्य पोस्टर में भी आनंद जैन को कथित तौर पर अंतिम चेतावनी देने का दावा किया गया है। पोस्टर में भविष्य में और बड़ी घटना को अंजाम देने जैसी बातें लिखी गई हैं। हालांकि इन दावों की पुष्टि किसी आधिकारिक एजेंसी ने नहीं की है। गौरतलब है कि मंगलवार रात करीब 9:30 बजे गिद्दी सी परियोजना के बूम बैरियर पर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने चार राउंड फायरिंग कर दी थी। घटना के समय बैरियर के भीतर मौजूद कर्मी वीरू बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधी बुलेट मोटरसाइकिल से पहुंचे और अचानक गोलीबारी कर फरार हो गए। घटना के बाद मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया।

## ग्रामीणों की सतर्कता से नाकाम हुई मवेशी चोरी, स्कॉर्पियो समेत दो पशु बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत डगरनवां पंचायत के बंदरचौकवा गांव से बीती रात्रि को पशु तस्करों (मवेशी चोरों) द्वारा एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से दो मवेशी चोरी कर भागने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया है बंदरचौकवा की ओर से एक स्कॉर्पियो गाड़ी कटियो गांव में रुकी और घर के बाहर बंधा एक पशु को अज्ञात चोरों द्वारा गाड़ी में लादने की कोशिश की जा रही थी। तभी पशु पालक जाग जाने के कारण वे अपने मंसूबे सफल नहीं हो सके और अज्ञात चोर वहाँ से गाड़ी लेकर अरैया गांव की ओर भागने लगे। तभी ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया और गाड़ी का पीछा किया तो देखा कि स्कॉर्पियो गाड़ी का पहिया पंचर हो गया था जिसे चोरो द्वारा जल्दबाजी में स्टेपनी टायर लगाकर पुनः फिर से भागने की फिराक में थे। तभी वहाँ ग्रामीणों द्वारा खूद को घिरा देख और पकड़े जाने के डर से चोर मवेशियों से लदी स्कार्पियो को बीच रास्ते में ही अरैया जंगल में लावारिस हालत में छोड़कर अंधेरा का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकाले। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना नवलशाही थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अन्य वाहन का बैटरी उक्त गाड़ी में लगाया और स्कॉर्पियो वाहन व दो मवेशी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि विगत 21 मई को भी बंदरचौकवा गांव निवासी कृष्णा कुमार राय के एक दुधारू गाय की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा स्कॉर्पियो वाहन में लाद कर ले भाग जाने का मामला भी सामने आया था। साथ-साथ नवलशाही से भी दुधारू पशु चोरी हुई हैं। जिसकी लिखित शिकायत नवलशाही थाने में दर्ज कराई गयी थी। हालांकि अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई पुलिस के द्वारा नहीं की गयी है।

## मछली बीज वाहन विवाद से गरमाया गोला 500 रुपये मांगने और मारपीट का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र के पूरबडीह जंगल के समीप मछली बीज लेकर जा रहे मत्स्य मित्र शिवनारायण केवट और उनके पुत्र पवन कुमार केवट के साथ कथित मारपीट एवं अवैध वसूली के आरोपों ने क्षेत्र में नई चर्चा छेड़ दी है। घटना के बाद वायरल हुए वीडियो और ग्रामीणों की प्रतिक्रियाओं ने पुलिस की कार्यशैली को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला अब स्थानीय स्तर से निकलकर विभागीय अधिकारियों तक पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार बरलंगा निवासी शिवनारायण केवट अपनी टीम के साथ मछली का बीज लेकर बेटुलकला पंचायत के पतरातू गांव जा रहे थे। आरोप है कि पूरबडीह जंगल के समीप पुलिस ने उनका वाहन रोककर पूछताछ की। इसी दौरान कथित रूप से 500 रुपये की मांग की गई। आरोप है कि राशि नहीं देने पर पवन कुमार केवट के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद मौके पर हंगामा हुआ और मामला अधिकारियों तक पहुंच गया। घटना के बाद शिवनारायण केवट ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि वाहन में हजारों रुपये मूल्य का मछली बीज था। उनका कहना है कि रोककर रखे जाने और विवाद के कारण बड़ी मात्रा में मछली बीज प्रभावित हुआ, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। हालांकि नुकसान की वास्तविक स्थिति और लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि वाहन में कोई अनियमितता थी तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि वाहन अवैध था तो प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए थी और यदि वैध था तो फिर 500 रुपये मांगने की जरूरत क्यों पड़ी। ग्रामीणों ने यह भी पूछा कि यदि किसी मद में राशि ली जाती है तो उसका सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक क्यों नहीं होता। ग्रामीणों का कहना है कि वायरल वीडियो और शिकायत के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप गलत हैं तो स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पूरे मामले पर क्षेत्रवासियों की नजरें जांच और प्रशासनिक कदमों पर टिकी हुई हैं।

## 14 जून से 'अस्मिता खेलो इंडिया साइक्लिंग' प्रतियोगिता का होगा आयोजन, 300 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** विश्व साइकिल दिवस एवं खेलो इंडिया के तहत कोडरमा में 14 जून को अस्मिता साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी साइक्लिंग संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार निशांत ने दी। उन्होंने बताया कि खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन तथा झारखंड साइकल संघ के संयुक्त तत्वाधान में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अस्मिता महिला साइकलिंग सिटी लीग का आयोजन कोडरमा में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्व साइकलिंग पखवाड़ा के तहत किया जाएगा। इसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है। महिला खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के माध्यम से आगे बढ़ने का मंच देना, फिटनेस व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, महिलाओं में स्वस्थ जीवन शैली और नियमित शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के साथ- साथ प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना है।

उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 जून को जेजे कॉलेज से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक प्रातः 6:00 बजे से प्रतियोगिता कराई जाएगी । इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। इसमें 300 प्रतिभागियों के भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी अपनी साइकिल के साथ कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए खेलो इंडिया द्वारा उपलब्ध कराये गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकरण अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर पाने वाले प्रतियोगियों के लिए आयोजन स्थल पर मैन्युअल पंजीकरण की भी व्यवस्था रहेगी। मैन्युअल पंजीकरण करने वाले प्रतिभागियों को आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक होगा। संघ के सचिव प्रदीप कुमार रजक, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सदस्य जतिन कुमार माथुर, राम वर्णवाल, महबूब आलम, नारायण रजक, अशोक कुमार, शुभम कुमार आदि आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध बालू कारोबार पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, चार ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़ :** जिले में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बुधवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चार बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत रामगढ़ और गोला थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान जब्त सभी वाहनों में बालू परिवहन से संबंधित वैध चालान प्रस्तुत नहीं किया जा सका। प्राप्त सूचना के आधार पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे दामोदर पुल के समीप नईसराय की ओर से आ रहे एक बालू लदे ट्रैक्टर को रोका गया। जांच में ट्रैक्टर पर लगभग 100 घनफुट बालू लदा पाया गया, लेकिन चालक वैध परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वाहन को खनिज सहित जब्त कर रामगढ़ थाना को सौंप दिया गया। इसके बाद नईसराय-अरगड्डा मुख्य मार्ग स्थित बिहार फाउंड्री मोड़ के समीप एक अन्य बालू लदे ट्रैक्टर को भी पकड़ा गया। जांच में उसके पास भी कोई वैध चालान नहीं मिला, जिसके बाद उसे भी जब्त कर लिया गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे खान विभाग और गोला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तिरला मोड़ के समीप जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो ट्रैक्टरों में लगभग 100-100 घनफुट बालू लदा पाया गया। दोनों वाहन चालकों द्वारा कोई वैध परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को बालू सहित जब्त कर गोला थाना को सौंप दिया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों के मालिकों, चालकों और अन्य संलिप्त लोगों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 के नियम 54 तथा झारखंड अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2017 के नियम 9 एवं 13 के तहत रामगढ़ और गोला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### श्री श्याम सेवा मंडल की विशेष बैठक संपन्न



**झुमरी तिलैया :** श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा आयोजित होने वाले 23वें मासिक श्री श्याम कीर्तन को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से शिव वाटिका प्रांगण में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल के सभी सेवादारों एवं फाउंडर मेंबरों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी कीर्तन की रूपरेखा, भक्तों की सुविधा, सेवा व्यवस्था, सजावट तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस भव्य श्याम संकीर्तन को सफल बनाने का संकल्प लिया। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 23वां मासिक श्री श्याम कीर्तन शिव वाटिका प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम के निवेदक त्रिलोकी प्रसाद होंगे तथा आयोजन की जिम्मेदारी श्री श्याम सेवा मंडल निभाएगा। यह भव्य श्याम संकीर्तन संध्या 6 बजे से बाबा की इच्छा तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना है। मंडल के अध्यक्ष जोशी कुमार ने कहा कि आगामी कीर्तन का आयोजन पूरी श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण वातावरण में किया जाएगा। उन्होंने बाबा श्याम से सभी श्याम प्रेमियों पर अपनी अपार कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। बैठक का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं श्याममय रहा। उपस्थित सेवादारों ने तन-मन से सेवा कार्यों में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा बाबा श्याम के दरबार को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

### रेल सफर की यादें दिलाएंगी इनाम, 31 जुलाई तक भेजें हिंदी यात्रा वृत्तांत

**झुमरी तिलैया :** भारतीय रेल यात्राओं के अनुभवों को साहित्यिक पहचान देने के लिए रेल मंत्रालय ने रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2026 की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में देशभर के नागरिक हिंदी में अपने यादगार रेल सफर के अनुभव भेजकर नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। योजना के तहत प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये का है। इसके अलावा 5 प्रतिभागियों को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में 4-4 हजार रुपये दिए जाएंगे। चयनित रचनाओं का प्रकाशन रेलवे बोर्ड करेगा और उनका प्रतिलिप्याधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा। वृत्तांत पूरी तरह हिंदी में, मौलिक और स्वरचित होना चाहिए। शब्द सीमा 3000 से 3500 शब्द है। प्रविष्टि डबल स्पेस में टाइप कर, पृष्ठ संख्या और चारों ओर एक इंच हाशिया के साथ भेजनी होगी। साथ में नाम, आयु, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल और शब्द संख्या अलग पृष्ठ पर लिखनी है। सरकारी कर्मचारियों को अनुशासनात्मक मामला लंबित न होने का प्रमाण और गैर-सरकारी को आपराधिक मामला दर्ज न होने की घोषणा देनी होगी। प्रविष्टियां 2 प्रतियों में 31 जुलाई 2026 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कक्ष संख्या-316, कॉफ़्मो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली 110002 के पते पर भेजें। अंतिम तिथि के बाद या एक प्रति भेजने पर प्रविष्टि निरस्त होगी। यह पहल हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने के साथ रेल यात्राओं से जुड़ी संवेदनाओं को राष्ट्रीय मंच देने का अहम कदम है।

### मारकच्चो पंचायत में जल संकट गहराया बढ़ी लोगों की परेशानी



**मरकच्चो :** एक ओर भयंकर गर्मी तो दूसरी तरफ पेयजल की घोर किल्लत क्षेत्र में बरकरार है। समय के साथ लोगों की परेशानियां भी बढ़ते जा रही है। मरकच्चो का जल मीनार क्षति ग्रस्त हो गया है। दूसरा जल मीनार बनाया जा रहा है। जिसका कार्य निर्माण कई महीनों से बंद है। तब तक ग्रामीणों को डायरेक्ट नदी के बहते श्रोत से मरकच्चो तीनों पंचायत में सप्लाई दी जा रही है। वह भी सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। 24 घंटे में मात्र सुबह आधे घंटे पानी दी जाती है उसमें भी सप्ताह में कई दिन सप्लाई होती भी नहीं है। प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित पश्चिम मोहल्ला, कोटवार मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, दास नगर, देवगढ़ मोहल्ला, तुरिया टोला, लाल नगर, उत्तरी पंचायत में चंचल मंडप, कन्हैया नगर, मरकच्चो ब्लॉक चौक, दक्षिणी पंचायत मरकच्चो स्थित अस्पताल रोड, बंधन चौक के लोग इन दिनों पेयजल की भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। लोग गांव के बाहर एक से दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवस है। मरकच्चो के सभी हैंडपंप और कुआं का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। यहां तक की पानी लाने के लिए लोग बाइक और साइकिल का भी सहारा ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति पाइप रहने के बावजूद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। अभी 8 दिनों से पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। लोगों में पेयजल को ले हाहाकार मचा हुवा है। अगर इस समस्या के प्रति सचेत नहीं हुवे तो आने वाले समय में समस्या और बढ़ेगी। ऐसे में जल संरक्षण के प्रति सभी को गंभीर होने की जरूरत है। मरकच्चो प्रखंड के तीनों पंचायत मरकच्चो मध्य,उत्तरी व दक्षिणी पंचायत में अन्य प्रखंडों की अपेक्षा पानी की समस्या कुछ अधिक है । यहां जल संचयन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## एक नजर

### साली की फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने पर मारी गोली, गिरफ्तार

**गढवा :** गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने गत दिनों थाना क्षेत्र के जंगीपुर में हुए गोली कांड का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल सकेंद्र उरांव नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और एक खोखा भी बरामद किया है। गिरफ्तार युवक गढ़वा थाना क्षेत्र के गुरदी गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में साली की फोटो वायरल करने को लेकर उत्पन्न विवाद में घटना को अंजाम दिया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि गत 27 मई की रात में श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गोविंद उरांव नामक युवक को घायल कर दिया था। घटना के बाद 28 मई को गोविंद उरांव के फर्द बयान पर श्री बंशीधर नगर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित प्रशांत और पुलिस के अन्य जवान ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर सकेन्द्र उरांव (26) को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किये गये देशी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया है। जांच में यह बात सामने आई कि आरोपित ने अपनी साली की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इस बात का गोविंद उरांव ने विरोध किया था और उसे ऐसा करने से मना किया था।

# प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और नियमित पेयजल पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने गोविंदपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी), ईएसआर-1 एवं ईएसआर-2, इन्टेक वेल, पाइपलाइन विस्तार सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया ताकि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू की जा सके। बैठक में अड़की प्रखंड के उलिहातू क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और निर्बाध जलापूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को पेयजल योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

समीक्षा बैठक में स्वच्छता से संबंधित योजनाओं और गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सेग्रिगेशन शेड और ट्राई साइकिल के प्रभावी उपयोग, मेंस्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट, गोवर्धन गैस परियोजना एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया।

## डिग्री कॉलेज बरही-चंदवारा में AI व भारतीय ज्ञान परंपरा पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही बुधवार को चंदवारा प्रखंड स्थित डिग्री कॉलेज बरही-चंदवारा, में "इक्विटी-सेंटर्ड हायर एजुकेशनः इंटिग्रेटिंग भारतीय ज्ञान परंपरा एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि, मंगलाचरण, गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने अतिथियों को पौधा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और स्वागत भाषण में बताया कि अभ्रक नगरी कोडरमा कभी विश्व प्रसिद्ध थी, झुमरी तिलैया फरमाइशी गीतों के लिए मशहूर रही और बराकर नदी पर बना दामोदर घाटी निगम प्रथम बहुउद्देशीय परियोजना है, उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान



परंपरा और अक के समन्वय से समावेशी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है, मुख्य अतिथि IUCTE-BHU शिक्षा विभाग के प्रो. डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ज्ञान की साधना का केंद्र है और विवेकानंद के अनुसार मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता को बाहर लाना चाहिए, उन्होंने अक को साधन बताते हुए प्रश्न पूछने की कला पर जोर दिया, वहीं इलव के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने समावेशिता, शिक्षण कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय व ठएढ 2020 के कार्यान्वयन जैसे उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा व अकका समन्वय भविष्य की शिक्षा को प्रभावी, समावेशी व मानवीय बनाएगा और जनजातीय परंपराएं शाश्वत हैं जिन्हें महत्व मिलना चाहिए, उद्घाटन सत्र के बाद तकनीकी सत्र में रिसोर्स पर्सन ने विषय की गहन जानकारी दी, जिसमें कोडरमा जिले के सभी http://B.Ed कॉलेज, एफिलिएटिड कॉलेज, कांस्टीट्यूएंट कॉलेज, विधि कॉलेज व संध्याकालीन कॉलेज के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान से महिलाओं और किशोरियों को किया जा रहा जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड रांची के निर्देशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति हजारीबाग के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से राजव्यापी चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो जागरूकता अभियान संचालन पूरे जिले में बृहद रूप से चलाया जा रहा है। महिलाओं एवं किशोरियों में हाइजीन और स्वच्छता के महत्व को बढ़ाना इससे जुड़ी भ्रांतियां को उजागर कर सही ज्ञान देते हुए उनमें निरंतर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना मुख्य रूप से शामिल है। इस संदर्भ में माहवारी स्वच्छता दिवस 28 मेयर 2026 के अवसर पर चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के सातवें चरण का शुभारंभ किया जा चुका है। जिसका विषय जल स्वच्छता हाइजीन सेवा के लीकेज तथा माहवारी अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान जैसे महत्वपूर्ण



घटकों के समावेशी प्रभाव को प्रोत्साहन करना है। इस अभियान के बड़कागांव प्रखंड में भी अभियान वृहद पैमाने पर गांव-गांव में जलसहिया के माध्यम से संचालित की जा रही है महुगाईकला के जलसहिया प्रभावती देवी के नेतृत्व में महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक ता कार्यक्रम के तहत उन्हें शिक्षित करना तथा भस्मक की क्रियाशीलता बनाए रखने की जानकारी दी जा रही है। समानता एवं सुरक्षित निपटान को प्राथमिकता देने से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम के तहत किशोरी एवं महिला की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूर्ण करने एवं उनके स्वास्थ्य सम्मान और सशक्तिकरण में सहयोग प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी गई ।

## संक्षिप्त खबरें

### 13वीं सीनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी सरायकेला-खरसावां की टीम



**ईचागढ़ :** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान एवं धनबाद जिला कबड्डी संघ की मेजबानी में 5 जून से 7 जून 2026 तक धनबाद स्थित डॉ. जे.के. सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में 13वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीमें भाग लेंगी। सरायकेला–खरसावां जिला कबड्डी संघ की ओर से भी महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। जानकारी देते हुए जिला कबड्डी संघ के सचिव शंभू सेन ने बताया टीम 4 जून को जमशेदपुर से धनबाद के लिए रवाना होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन पूर्व में आयोजित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। टीम के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार अभ्यास कर रहे हैं। कोल्हान प्रभारी श्यामल दास सहित जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष बहादुर कुमार ने उम्मीद जताई है कि सरायकेला–खरसावां की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेगी।

### अड़की में किसानों को मिला लाह उत्पादन का प्रशिक्षण और उपकरण

**खूंटी :** अड़की प्रखंड कभी लाह उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था, लेकिन मौसम में आए बदलाव सहित अन्य कारणों से पिछले कुछ वर्षों में लाह की उपज प्रभावित हुई है। इसे देखते हुए प्रदान संस्था पिछले तीन वर्षों से निरंतर प्रयास कर रही है कि प्रखंड में वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती को पुनर्जीवित किया जाए। इसी उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं और विभागों के सहयोग से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में अड़की प्रखंड में झासकोलैम्प रांची के प्रतिनिधि शिव वचन आजाद और करण उरांव एवं तकनीकी प्रशिक्षकों ने बुधवार को लाह उत्पादन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए लगभग 150 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती, प्रबंधन और उत्पादन संबंधी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई एवं अनुदानित दर पर लाह उत्पादन से जुड़े उपकरणों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदान संस्था की ओर से धर्म प्रताप सिंह और वैभव भास्कर उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा लड़की काजल कुमारी, उम्र–20 वर्ष, पे0–राजेन्द्र ठाकुर, सा0–बकरीटोली ठाकुरटोली, थाना–सिमडेगा, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड दिनांक–20.05.2026 दिन गुरूवार को समय करीब शाम 06 बजे घर से किना किसी को बताए कहीं चली गयी है, जो अबतक अपने घर लौी है। गुमशुदा लड़की की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–

उम्र :–करीब 20 वर्ष।
रंग :–गोरी।
उँचाई :–05 फीट 05 ईंच।
भाशा :–हिन्दी।
बाल :–काला।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा लड़की के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706231
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 मोबाइल नं0–1800–3456–256

PR 381437 Simdega (26-27)D

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।


## व्यवसायिक संघ ने नवपदस्थापित एसडीपीओ का किया स्वागत, शांति व अपराधमुक्त बरही की मांग




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बुधवार संध्या बरही धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर में व्यवसायिक संघ द्वारा नवपदस्थापित एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के आगमन पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ अध्यक्ष कपिल केशरी व संचालन भगवान केशरी ने किया। इस दौरान व्यवसायिक संघ ने एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर एवं बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में मौजूद सभी व्यवसायियों ने एक स्वर में बरही में शांति बहाल करने व बरही को अपराधमुक्त बनाने की मांग रखी तथा बढ़ती नशाखोरी और चेन छिनतई की घटनाओं से भी अवगत कराया। इस पर SDPO राधा प्रेम किशोर ने आश्वस्त किया कि आम जनता और पुलिस प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने हेतु टीम भावना से कार्य किया जाएगा जिसमें व्यवसायियों का सहयोग जरूरी है, मौके पर ईश्वर साव, मुकेश मधेशिया, रितेश गुप्ता, शिबू केशरी, आशीष केशरी, मनोज केशरी, राजकुमार केशरी, भुनेश्वर साव, महेंद्र केशरी, राजेंद्र साव, सुबोध केशरी, पिंटू केशरी, दीपक केशरी, संजय समेत दर्जनों व्यवसायी उपस्थित थे।

## आईएफडब्लू जे जुड़े पत्रकारों ने नव पदस्थापित एसडीपीओ से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट बरही अनुमंडल इकाई का एक शिष्टमंडल बुधवार को अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित के नेतृत्व में नव पदस्थापित एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर से मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात करते हुए पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। साथ ही इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के बारे में उनसे जुड़े पत्रकारों की सूची सौंपी। मौके पर मौजूद जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय ने एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर को बरही की पत्रकारिता एवं बरही की समस्याओं से अवगत कराया। बरही अनुमंडल




के संरक्षक कृष्णा प्रजापति ने एस डी पी ओ से बारी बारी से परिचय कराया और एक दूसरे की सहयोग करने की बात कही। मौके पर एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि आप सकारात्मक पत्रकारिता करें। प्रशासन का हर संभव सहयोग मिलेगा। कहा कि हम एक दूसरे को सपोर्ट कर बेहतर बरही बनाने में योगदान दें। साथ ही एसडीपीओ को बरही में लगने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। मौके पर कृष्ण प्रजापति, बिपिन बिहारी पांडेय, कमल शंकर पंडित, सोनू पंडित, पंचम पांडेय, सोमनाथ कुमार, राकेश कुमार, मो उस्मान आदि पत्रकार शामिल रहे।

### राजेश मंडल की 11 वीं शहादत दिवस उत्सव श्रद्धांजलि सभा आज

**सरिया :** बगोदर विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मंडल की 11वीं शहादत दिवस 4 जून (गुरुवार) कोमनाई जाएगी। इसके लिए सरिया खुर्द पंचायत में व्यापक तैयारी की गई है। इस संबंध में शहीद राजेश मंडल की पत्नी रजनी कौर ने बताई कि राजेश मंडल के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की भी भारी तादाद में इस कार्यक्रम में सरिक होने की उम्मीद है। इसके लिए चौक चौराहों पर होर्डिंग एवं पोस्टर लगाए गए हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा भी कार्यक्रम का प्रचार किया जा रहा है। बताते चने की राजेश मंडल बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमेशा आगे रहते थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जामदा पंचायत के रुगड़ीसाई गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान निलिता सरदार (35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार निलिता सरदार एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से थीं। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उनकी मां और एक छोटा भाई है। बुधवार को वह खेत में उपयोग के लिए गोबर एकत्र कर उसे डालने गई थीं। काम समाप्त करने के बाद वह पास के जलाशय में हाथ धोकर घर लौट रही थीं।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Nagar Panchayat Bundu**

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call)**
**Short Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/PCC/ 01/2026-27 | Construction of PCC road from Existing PCC to Manjhi Talab at ward No-12 | 1937822.00 | 39000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | UDD/NIT/BNP/Ghat Shed/ 02/2026-27 | Construction of Ghat shed and Renovation work of Ghat at Arradih River Bundu Jharkhand | 2441738.00 | 49000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 5 | Date Of Publication Of Tender On Website | 02-06-2026 AT 10:00 AM | | | | |
| 6 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering ..... http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | | |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 02-06-2026 AT 10:00 AM | | | | |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 17-06-2026 AT 02:00 PM | | | | |
| 9 | Date Of Bid Opening | 18-06-2026 AT 03:00 PM | | | | |
| 10 | Last Date/Time Of Submission Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 17-06-2026 AT 02:00 PM | | | | |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Executive Officer
Nagar Panchayat Bundu

PR 381456 (Urban Development) 26-27 (D)

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**
CIN: U40108JH2013SGC001704
**Office of the General Manager,**
Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

**Very Short e-Tender Notice**

Very Short E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 235/PR/JUSNL /2026-27 | Work for repairing and re -strengthening of mid span joints and other associated works in circuit – 01 of 400KV D/C Twin Moose Patratu– Bero (New Ranchi) Transmission line under the jurisdiction of 400/220KV GSS, Patratu. | Rs. 49,30,661.00 | Rs. 99,000.00 | Rs. 5000 + 18%GST = Rs 5900/- |
| Availability of T ender Documents on website | | | From 05/06/2026 at 02.00 PM to 1 3/06/2026 upto 2:00PM | | |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | | | 13/06/2026 upto 2:00PM | | |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | | | 15/06/2026 at 12.00 PM | | |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | | | Will be communicated later on. | | |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | | | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH | | |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details/clarification required in this regard please contact to the office of the undersigned (06546-270375) during office hours. NIC helpline no.- 0651-2400178.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

Sd/-
General Manager Transmission Zone V, Hazaribag

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपयृ अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 381402 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)D


# विश्व साइकिल दिवस : डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने 8 किमी की साइकिल यात्रा से बचाया ईंधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा अन्य दिनों की भांति साइकिल से विश्वविद्यालय के लिए घर से रवाना हुए। थोड़ी दूर साइकिल पर जाने के बाद अन्नदा चौक स्थित भैया अभिमन्यु प्रसाद जी के यहां पहुंचे। यहां चाय का चुस्की लेते हुए थोड़ी देर आज के अखबारों का अध्ययन किए।

आधा घंटा के बाद यहां से निकलकर शास्त्री चौक अर्थात इंद्रपुरी चौक पहुंचे जहां अखबार वाले मित्र रतन भाई की गुमटी में अन्य अखबारों का मुआयना किए। यहां से झील, डीवीसी चौक होते हुए समाहरणालय के सामने से गुजरते हुए विश्वविद्यालय पहुंचे। कुल 8 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी हुई।



**विभावि के प्राध्यापक का तीन पीढ़ी से साइकिल पर कॉलेज जाने का है इतिहास**

इसी प्रकार शाम को 6:30 बजे अपने विभाग से निकले। लौटती में सीधे घर की ओर चल पड़े। लगभग 20 मिनट की साइकिलिंग के बाद घर पहुंच गए।

पूछने पर बताया कि यह हीरो लैक्ट्रो C5i ई-बाइक है। 4 वर्ष पहले इसे रांची से लिया था। उस समय हजारीबाग में यह उपलब्ध नहीं था। इसमें पेडलिंग के साथ-साथ चढ़ाई आने पर डॉ मोइत्रा बैटरी का भी साथ लेते है। बताया कि बैटरी के तीन विकल्प उपलब्ध है। एक में 25% बैटरी और 75% अपनी ताकत, दूसरे में 50-50 और तीसरे में 70% बैटरी और 30% अपनी ताकत पर साइकिल चलाया जा सकता है। इसके अलावा बिना बैटरी का भी चलाया जा सकता है तथा पूर्ण रूप से बैटरी द्वारा भी चलाए जाने का विकल्प उपलब्ध है।

बताएं कि पिछले 4 वर्षों से कभी कबार साइकिल से विश्वविद्यालय आया करते थे। परंतु जब से प्रधानमंत्री मंत्री मोदी जी ने ऊर्जा और ईंधन बचाने का आह्वान किया है, उसी दिन से या नियमित साइकिल की सवारी कर रहे हैं। बताया कि वह अपने विभाग के विद्यार्थियों से भी सप्ताह में एक दिन साइकिल पर आने का आगरा करना चाहते हैं। पर उससे पूर्व खुद साइकिल में आकर एक मिसाल कायम करना चाहते हैं। उन्होंने याद किया कि जब संत कोलंबा महाविद्यालय में इनकी नौकरी 1996 में लगी थी तब पूरे 6 वर्षों तक वह साइकिल में ही महाविद्यालय जाया करते थे। बाद में एक स्कूटर खरीद ली थी। तब से साइकिल छूट गया था। ज्ञात हो कि डॉ मोइत्रा के पिता स्वर्गीय सुभाष कुमार मोइत्रा संत कोलंबा में प्राध्यापक थे और 1964 से 1986 तक साइकिल से ही महाविद्यालय आना-जाना करते थे। अंतिम के कुछ वर्षों के लिए स्कूटर की सवारी करने लगे थे।

## न्यायालय के आलोक में बेटी का अधिकार

भारतीय न्यायपालिका ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि न्याय हमेशा समाज की बदलती वास्तविकताओं को स्वीकार करते हुए समानता, गरिमा और मानवीय अधिकारों की रक्षा का सशक्त माध्यम है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिया गया हालिया निर्णय, जिसमें विवाहित बेटियों को अनुकंपा नियुक्ति एवं आश्रित कोटे के लाभों से बाहर रखने को असंवैधानिक ठहराया गया है, भारतीय न्यायिक इतिहास में महिला अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय कहलाएगा। वास्तव में यह निर्णय उस सोच को भी चुनौती देता है जो विवाह के बाद बेटी को उसके माता-पिता के परिवार से अलग मान लेने की प्रवृत्ति रखती है। कई बार माता-पिता के लिए भी और कई बार परिवार के भाई एवं अन्य कुटुम्बजनों के लिए। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने स्पष्ट कहा कि विवाहित पुत्री को परिवार की परिभाषा से बाहर रखना मनमाना, अनुचित तथा संविधान के समानता सिद्धांत के विपरीत है। आज न्यायालय की इस संबंध में अत्यंत सारगर्भित टिप्पणी बता रही है कि विवाह न तो बेटी और उसके माता-पिता के बीच के संबंध को समाप्त करता है और न ही यह मान लेने का कोई आधार देता है कि वह अब अपने परिवार पर आश्रित नहीं रही। इसके साथ ही यह कथन भारतीय समाज की वास्तविक स्थिति को अभिव्यक्त भी करता है, जहां आज असंख्य विवाहित बेटियां अपने माता-पिता की देखभाल करती हैं, उनके आर्थिक और सामाजिक संबल का आधार बनती हैं तथा कठिन परिस्थितियों में परिवार की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाती हैं। आप यह भी कह सकते हैं कि कुलसुम निशा के मामले में न्यायालय ने कानून की व्याख्या नवीन अर्थों के साथ की है, जिसमें जीवन की वास्तविकताओं को महत्व दिया गया। याचिकाकर्ता अपनी माता के निधन के पश्चात अपनी बहनों, जिनमें एक दृष्टिबाधित बहन भी शामिल है, के भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभा रही है। वे अपनी माता के साथ रहती थीं और उचित मूल्य की दुकान के संचालन में सहयोग करती थीं। इसके बावजूद, इसलिए उनकी अर्जी अस्वीकार कर दी गई थी क्योंकि वे विवाहित थीं। अब न्यायालय ने इस आधार को ही असंवैधानिक घोषित कर दिया है। यह निर्णय बताता है कि न्यायपालिका व्यक्ति की वास्तविक परिस्थितियों को प्राथमिकता देती है, न कि रूढ़िगत धारणाओं को। वास्तव में यह निर्णय भारतीय संविधान की मूल भावना का विस्तार है। संविधान के अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 15 लिंग के आधार पर भेदभाव को निषिद्ध करता है। यदि विवाहित पुत्र को परिवार का सदस्य माना जा सकता है तो विवाह के कारण विवाहित पुत्री को उस अधिकार से वंचित करना स्पष्ट रूप से लैंगिक भेदभाव ही है। उच्चतम न्यायालय ने इसी असमानता को समाप्त करते हुए एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अधिकार व्यक्ति की योग्यता, आवश्यकता और वास्तविक स्थिति के आधार पर निर्धारित होंगे, न कि उसके लिंग या वैवाहिक स्थिति के आधार पर। अब यदि हम भारतीय संदर्भ में इस निर्णय को देखें तो ध्यान में आता है कि यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है। भारतीय न्यायपालिका का अतीत महिलाओं और बेटियों के अधिकारों को निरंतर सुदृढ़ करने वाले निर्णयों से भरा हुआ है। वर्ष 2020 में उच्चतम न्यायालय ने विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा मामले में निर्णय देते हुए स्पष्ट किया कि पुत्री जन्म से ही पैतृक संपत्ति में पुत्र के समान अधिकार रखती है। इस निर्णय ने हिंदू उत्तराधिकार कानून की प्रगतिशील व्याख्या की। साथ में यह भी स्थापित किया कि बेटी परिवार की समान उत्तराधिकारी है, कोई गौण सदस्य नहीं। इससे पूर्व भी विभिन्न मामलों में न्यायालय ने महिलाओं के संपत्ति अधिकार, गरिमामय जीवन, कार्यस्थल पर सुरक्षा और समान अवसरों को संविधान की मूल भावना के अनुरूप सुदृढ़ किया है। हम यहां यदि भारतीय न्याय परंपरा के व्यापक इतिहास को देखें तो यह कहना अनुचित होगा कि यहां स्त्री या पुत्री के प्रति न्याय का अभाव रहा है।

# नशा : राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाली चुनौती

**ललित गर्ग**

भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी सामर्थ्य, सबसे बड़ी पूंजी और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विज्ञान, तकनीक, उद्योग, शिक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के पीछे इसी युवा शक्ति का योगदान है। किंतु विडंबना यह है कि आज यही युवा वर्ग नशे के बढ़ते जाल में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल व्यक्तिगत कमजोरी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। देश के विभिन्न भागों में समय-समय पर करोड़ों और अरबों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बरामदगी यह प्रमाणित करती है कि नशे का कारोबार संगठित अपराध का एक विशाल अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बन चुका है। विशेष रूप से पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात तथा पूर्वोत्तर राज्यों में सीमापार से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार हेरोइन, अफीम, चरस, कोकीन तथा सिंथेटिक ड्रग्स की बड़ी खेपों को पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि भारत को नशे के बड़े बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो तथा विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश में लाखों युवा किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन के आदी हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कराए गए एक व्यापक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि करोड़ों भारतीय तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा उनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज स्तर तक नशे की पहुंच बढ़ रही है। अनेक राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां किशोरों को ड्रग्स के वितरण और तस्करी में इस्तेमाल किया गया। नशे के बढ़ते संकट का एक राष्ट्रीय सुरक्षा पक्ष भी है। अनेक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में लगातार असफल होने के बाद भारत को अस्थिर करने के लिए आतंकवाद, नकली मुद्रा और नशे की तस्करी जैसे छद्म युद्ध के हथियारों का उपयोग करता रहा है। पंजाब में लंबे समय से सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। अब जम्मू-कश्मीर में भी नशे के बढ़ते प्रभाव को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। आतंकवाद की कम होती गतिविधियों के बीच नशे का फैलाव एक नए खतरे के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को कमजोर करना और समाज की ऊर्जा को नष्ट करना है।

इसी संदर्भ में जम्मू-कश्मीर में प्रारंभ किया गया नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता पर भी बल देता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक समूहों तथा आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया गया है। कुलगाम सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न समुदायों द्वारा इस अभियान को समर्थन दिया जाना इस बात का संकेत है कि नशे जैसी समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वास्तव में नशे का सबसे दुखद और भयावह प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। युवा जीवन ऊर्जा, सृजन और सपनों का प्रतीक होता है, किंतु नशा इन सभी संभावनाओं को नष्ट कर देता है। एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा खोने लगता है। उसका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है और वह अवसाद, तनाव तथा अपराध की दुनिया की ओर बढ़ सकता है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, पारिवारिक संबंध टूटते हैं और सामाजिक जीवन में अस्थिरता बढ़ती है।

नशे के विस्तार के पीछे केवल तस्करी जिम्मेदार नहीं है। इसके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। बेरोजगारी, भविष्य की अनिश्चितता, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक तनाव, सामाजिक विघटन, अकेलापन, मानसिक अवसाद और गलत संगति युवाओं को नशे की ओर धकेलती है। आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी कृत्रिम सुख और त्वरित आनंद की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। जब जीवन में लक्ष्य, दिशा और सकारात्मक प्रेरणा का अभाव होता है, तब व्यक्ति नशे जैसे विनाशकारी विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है। नशे और अपराध का संबंध भी अत्यंत गहरा है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि चोरी, लूट, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों के पीछे नशे की भूमिका बढ़ती जा रही है। नशे की डोज प्राप्त करने के लिए युवा अपराध की राह पर उतर जाते हैं। इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है और समाज में असुरक्षा का वातावरण बनता है। सरकारें इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास कर रही हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल तथा राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाइयों से कई बड़े ड्रग नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। पंजाब, राजस्थान, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में विशेष अभियान चलाकर तस्करों पर शिकंजा कसा गया है।

इस संदर्भ में सामाजिक और आध्यात्मिक आंदोलनों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन केवल जागरूकता और आत्मानुशासन से ही आता है। आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नशामुक्ति को एक व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया था। उन्होंने संयम, सदाचार और आत्मनियंत्रण के आधार पर लाखों लोगों को व्यसनमुक्त जीवन की प्रेरणा दी। अनेक क्षेत्रों में उनके अभियान ने उल्लेखनीय परिणाम दिए। आचार्य महाश्रमण ने भी अपनी ऐतिहासिक अहिंसा यात्रा के दौरान भारत और पड़ोसी देशों में लाखों लोगों को नशा त्यागने की प्रेरणा दी। उनकी पदयात्राओं का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में नैतिक चेतना जगाना और युवाओं को व्यसनमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। हजारों किलोमीटर की यात्राओं में उन्होंने गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को यह संदेश दिया कि नशामुक्ति केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मविकास, पारिवारिक सुख और राष्ट्र निर्माण का आधार है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के विरुद्ध बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। सीमाओं पर निगरानी और तकनीकी सुरक्षा को और मजबूत किया जाए। ड्रोन के माध्यम से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ाया जाए। नशा तस्करों के विरुद्ध त्वरित न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए ताकि अपराधियों में कानून का भय पैदा हो। स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी शिक्षा को नियमित पाठ्यक्रम और गतिविधियों का हिस्सा बनाया जाए। युवाओं के लिए रोजगार, खेल, कौशल विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों के अवसर बढ़ाए जाएं ताकि उनकी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में प्रवाहित हो सके। इसके साथ ही पुनर्वास केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता में भी सुधार आवश्यक है। आज पंजाब, जम्मू-कश्मीर और अन्य प्रभावित राज्यों के लिए नशामुक्ति केवल सामाजिक सुधार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण का विषय बन चुका है। यह लड़ाई केवल सरकार या पुलिस नहीं जीत सकती। परिवार, विद्यालय, धार्मिक संस्थाएं, सामाजिक संगठन, मीडिया और जागरूक नागरिकों को मिलकर इसे जनआंदोलन बनाना होगा। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने जनभागीदारी से सफलता प्राप्त की, उसी प्रकार नशामुक्त भारत का सपना भी सामूहिक संकल्प और निरंतर प्रयासों से ही साकार हो सकता है। भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी संपदा है। यदि यह शक्ति नशे की गिरफ्त में चली गई तो राष्ट्र की प्रगति बाधित होगी, लेकिन यदि इसे स्वस्थ, संस्कारित, जागरूक और लक्ष्यनिष्ठ बनाया गया तो भारत विश्व के सामने एक नई शक्ति के रूप में उभरेगा। इसलिए नशे के विरुद्ध संघर्ष केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के जल-स्वराज के सपने को कान्होजी ने दिया वैश्विक विस्तार

**वरुण कुमार**

जब भी विश्व इतिहास में महान नौसैनिकों या 'एडमिरल्स' की बात होती है, तो पश्चिमी इतिहासकार लॉर्ड नेल्सन, जॉन पॉल जोन्स या फ्रांसिस ड्रेक के नामों का ढिंढोरा पीटते नहीं थकते। लेकिन भारत के औपनिवेशिक इतिहास के धुंधलके में एक ऐसा नाम छिपा हुआ है, जिसके खौफ से ब्रिटेन, पुर्तगाल और हॉलैंड जैसी वैश्विक महाशक्तियों के जहाज अरब सागर में प्रवेश करने से पहले कांपते थे। वह नाम है–सरखेल कान्होजी आंग्रे।

अठारहवीं सदी के शुरूआती दशकों में जब भारत की मुख्य भूमि पर मुगल साम्राज्य बिखर रहा था और विदेशी ताकतें व्यापार के बहाने भारतीय उपमहाद्वीप को गुलाम बनाने के जाल बुन रही थीं, तब समुद्र पर भारत का परचम लहराने वाले इस योद्धा ने अकेले दम पर पश्चिमी तट (कोंकण) की रक्षा की थी। वर्ष 1729 में उनका निधन हुआ, लेकिन अपने पीछे वे नौसैनिक युद्ध कौशल की एक ऐसी विरासत छोड़ गए, जो आज भी आधुनिक भारतीय नौसेना के लिए मार्गदर्शक का काम करती है।

जल-स्वराज की नींव और कान्होजी का उदय है। मराठा साम्राज्य में नौसेना की अहमियत को सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज ने समझा था। वे जानते थे कि जिसका समुद्र पर नियंत्रण होगा, वही भूमि पर राज करेगा। शिवाजी महाराज ने कोंकण तट पर सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग और पद्मदुर्ग जैसे अजेय जलदुर्गों का निर्माण करवाकर मराठा नौसेना की नींव रखी थी। शिवाजी महाराज के बाद संभाजी महाराज के काल में भी पुर्तगालियों और जंजीरा के सिद्दियों से कड़ा मुकाबला किया गया। इसी माहौल में कान्होजी आंग्रे का उदय हुआ। उनका जन्म 1669 में रत्नागिरी के पास 'कलावली' नामक गाँव में एक संकपाल (बाद में आंग्रे) परिवार में हुआ था। उनके पिता तुकोजी आंग्रे शिवाजी महाराज की नौसेना में एक वीर सैनिक थे। बचपन से ही समुद्र की लहरों, जहाजों की बनावट और तटीय भूगोल को देखते हुए बड़े हुए कान्होजी के रग-रग में समंदर बस चुका था। 1698 में मराठा साम्राज्य के छत्रपति राजाराम महाराज ने कान्होजी की अद्भुत नेतृत्व क्षमता और वीरता को देखते हुए उन्हें मराठा नौसेना का मुख्य सेनापति नियुक्त किया और 'सरखेल' की उपाधि से नवाजा। 'सरखेल' का सीधा अर्थ होता है–नौसेनाध्यक्ष यानी एडमिरल।

कान्होजी आंग्रे की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर लड़ी जाने वाली गुरिल्ला युद्ध पद्धति (गनिमी कावा) को समुद्र पर लागू किया। इसे 'जल-गुरिल्ला युद्ध' कहा जा सकता है।

यूरोपीय देशों के पास बड़े, भारी और गगनचुंबी जहाज होते थे, जिनमें सैकड़ों तोपें लगी होती थीं। कान्होजी जानते थे कि खुले समुद्र में सीधे मुकाबले में इन विशाल जहाजों को हराना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने छोटे, हल्के और अत्यधिक तेज गति से चलने वाले जहाजों जैसे 'गल्वत' और 'गुराब' का निर्माण करवाया। ये जहाज उथले पानी में भी आसानी से तैर सकते थे, जहाँ भारी यूरोपीय जहाज फंस जाते थे। तटीय भूगोल का बेजोड़ इस्तेमाल है। कोंकण का तटीय क्षेत्र अपनी खाड़ियों, गुप्त रास्तों और उथले पानी के लिए जाना जाता है। कान्होजी आंग्रे इस भूगोल के उस्ताद थे। वे विदेशी जहाजों को लालच देकर खाड़ियों के भीतर खींच लाते थे। एक बार जब विदेशी जहाज उथले पानी में फंस जाते, तो कान्होजी के छोटे और फुर्तीले जहाज उन्हें चारों तरफ से घेरकर तोपों और बाणों से हमला कर देते थे। जलदुर्गों का सुरक्षा कवच है।

कान्होजी ने केवल जहाजों पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने समुद्र के भीतर स्थित किलों का एक ऐसा नेटवर्क तैयार किया जो एक-दूसरे को सुरक्षा प्रदान करते थे। विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, खांदेरी, बांदेरी और कोलाबा (अलीबाग) उनके मुख्य ठिकाने थे। इन किलों पर लगी तोपें समुद्र में कई मील दूर तक दुश्मन के जहाजों को नेस्तनाबूत करने की क्षमता रखती थीं। यूरोपीय महाशक्तियों के साथ टकराव और अजेय गाथा है। अठारहवीं सदी की शुरूआत में ईस्ट इंडिया कंपनी (ब्रिटिश), पुर्तगाली और डच (हॉलैंड) व्यापारी भारत के पश्चिमी तट पर एकाधिकार जमाना चाहते थे। लेकिन कान्होजी आंग्रे उनके रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा बन गए। कान्होजी का स्पष्ट नियम था–जो भी जहाज मराठा जलक्षेत्र से गुजरेगा, उसे 'दस्तक' (पास या परमिट) लेना होगा और 'चौथ' (कर) देना होगा। विदेशी ताकतें खुद को समुद्र का राजा मानती थीं, इसलिए उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लिया। परिणाम स्वरूप कई ऐतिहासिक नौसैनिक युद्ध हुए। ब्रिटिश गवर्नर चार्ल्स बून ने कान्होजी आंग्रे को कुचलने के लिए कई बार अपनी पूरी ताकत झोंक दी। 1718 में अंग्रेजों ने कान्होजी के गढ़ 'खांदेरी' द्वीप पर भीषण हमला किया। अंग्रेजों के पास आधुनिक हथियार और विशाल फौज थी, लेकिन कान्होजी की रणनीति के सामने वे टिक नहीं सके। अंग्रेजों को भारी नुकसान उठाकर पीछे हटना पड़ा। इसके बाद 1720 में अंग्रेजों ने विजयदुर्ग पर हमला किया, लेकिन वहाँ भी उन्हें शिकस्त झेलनी पड़ी। ब्रिटिश इतिहासकार खुद मानते हैं कि कान्होजी आंग्रे के डर से उनके व्यापारिक जहाज अकेले सफर करने की हिम्मत नहीं करते थे; वे हमेशा सेना के संरक्षण में चलते थे।

पुर्तगाली, जो खुद को गोवा और दमन-दीव का बेताज बादशाह समझते थे, कान्होजी के सामने बेबस नजर आए। कान्होजी ने कई पुर्तगाली जहाजों को बंधक बना लिया और उनसे भारी जुमार्ना वसूला। 1721 में अंग्रेजों और पुर्तगालियों ने मिलकर कान्होजी के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाया। तीन ब्रिटिश युद्धपोत और हजारों पुर्तगाली सैनिकों ने कुलाबा किले पर हमला बोला। लेकिन कान्होजी आंग्रे और मराठा सेनापति पिलाजी जाधव की संयुक्त रणनीति ने इस गठबंधन को धूल चटा दी। इसके बाद डच नौसेना ने भी 1724 में विजयदुर्ग को घेरने की कोशिश की, लेकिन वे भी कान्होजी के चक्रव्यूह को भेद नहीं पाए। यह भारतीय इतिहास की एक बड़ी त्रासदी है कि औपनिवेशिक काल के इतिहासकारों, विशेषकर ब्रिटिश लेखकों ने कान्होजी आंग्रे को एक 'समुद्री डाकू' के रूप में चित्रित करने की कोशिश की। यह उनके पूर्वाग्रह और हार की हताशा को दर्शाता है। वास्तविकता यह है कि कान्होजी आंग्रे कोई लुटेरे नहीं थे, बल्कि वे मराठा साम्राज्य के आधिकारिक और कानूनी रूप से नियुक्त 'नौसेनाध्यक्ष' थे। वे किसी निर्दोष के जहाज को नहीं लूटते थे। उनका मकसद केवल अपने देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करना और विदेशी घुसपैठियों से टैक्स वसूलना था। यदि विदेशी ताकतें भारतीय भूमि पर आकर अपनी चौकियों पर टैक्स वसूल सकती थीं, तो भारत के अपने नौसेनाध्यक्ष को अपनी मातृभूमि के जलक्षेत्र पर टैक्स वसूलने का पूरा संप्रभु अधिकार था। वे एक अनुशासित नौसेना का संचालन करते थे, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और स्थानीय कोली समुदाय के लोग एक साथ मिलकर देश के लिए लड़ते थे।

कान्होजी आंग्रे केवल एक महान सैनिक ही नहीं थे, बल्कि वे एक कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे। जब मराठा साम्राज्य में छत्रपति शाहूजी महाराज और ताराबाई के बीच आंतरिक सत्ता संघर्ष चल रहा था, तब शुरूआत में कान्होजी ताराबाई के पक्ष में थे। उन्होंने शाहूजी के पेशवा बालाजी विश्वनाथ के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी।

लेकिन पेशवा बालाजी विश्वनाथ आंग्रे की ताकत और महत्ता को जानते थे। वे जानते थे कि कान्होजी से लड़कर मराठा साम्राज्य कमजोर ही होगा। इसलिए उन्होंने बेहद चतुराई और सम्मान के साथ कान्होजी से बातचीत की। इस ऐतिहासिक कूटनीतिक समझौते के बाद कान्होजी आंग्रे ने छत्रपति शाहूजी महाराज की संप्रभुता को स्वीकार कर लिया और बदले में उन्हें पूरे कोंकण तट का निर्विवाद 'सरखेल' बने रहने दिया गया। इस एकता ने मराठा साम्राज्य को और अधिक शक्तिशाली बना दिया, जिससे विदेशी ताकतों के हौसले पस्त हो गए।

एक कुशल सेनापति होने के साथ-साथ कान्होजी एक दूरदर्शी प्रशासक भी थे। उन्होंने कोंकण के तटीय इलाकों में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा दिया। शिपयार्ड का विकासः उन्होंने विजयदुर्ग और अलीबाग में आधुनिक जहाजरानी कारखाने स्थापित किए।

### सूडोकु नवताल- 7815

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7814 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# तमिलनाडु की सियासत में 'सिंघम' का नया दांव और बीजेपी के सामने बड़ी चुनौती

**अजय कुमार**

दक्षिण भारत के सियासी समर में तमिलनाडु इस वक्त एक बेहद दिलचस्प और जटिल मोड़ पर खड़ा है। कर्नाटक कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई की दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकातों ने राज्य की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। चेन्नई एयरपोर्ट पर बिना बीजेपी के झंडे वाली गाड़ी से उतरने से लेकर दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन और संगठन मंत्री बीएल संतोष के साथ बंद कमरों में हुई बैठकों तक, हर घटनाक्रम इसी ओर इशारा कर रहा है कि यह रिश्ता अब एक 'म्युचुअल डिवोर्स' यानी आपसी सहमति से जुदा होने की कगार पर पहुंच गया है। करीब पांच साल का यह साथ दोनों ही पक्षों के लिए बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जहां दोनों ने एक-दूसरे को बहुत कुछ दिया, लेकिन अब इस रिश्ते की उम्र पूरी होती दिख रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि अन्नामलाई बीजेपी से कोई दुश्मनी या टकराव मोल लेकर नहीं, बल्कि एक बेहद 'खूबसूरत मोड़' पर हंसते-हंसते विदा होना चाहते हैं, ताकि भविष्य में कभी जरूरत पड़ने पर गठबंधन या साथ मिलकर काम करने के विकल्प हमेशा खुले रहें।

राजनीतिक गलियारों और सूत्रों के हवाले से जो खबरें छनकर बाहर आ रही हैं, उनके मुताबिक अन्नामलाई ने दिल्ली दरबार में साफ तौर पर पार्टी से अलग होने की इच्छा जताते हुए अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। हालांकि, बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें इतनी आसानी से खोना नहीं चाहता। यही वजह है कि जब अन्नामलाई अमित शाह से मुलाकात के बाद वापस चेन्नई लौटने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के रास्ते में थे, तब उन्हें फोन करके दोबारा बातचीत के लिए वापस बुला लिया गया। शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि वह प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के अपने फैसले पर एक बार फिर ठंडे दिमाग से विचार करें। बीजेपी की तरफ से उन्हें मनाने के लिए राज्यसभा सीट तक का ऑफर दिया गया, जिसे अन्नामलाई ने बेहद शालीनता से ठुकरा दिया। दरअसल, अन्नामलाई ने हाईकमान के सामने बहुत स्पष्ट तौर पर दो ही विकल्प रखे हैं। पहला विकल्प यह है कि उन्हें पूरी स्वायत्तता, असीमित अधिकार और कम से कम सात साल के एक लंबे कार्यकाल के साथ दोबारा तमिलनाडु बीजेपी की कमान सौंपी जाए। दूसरा विकल्प यह कि अगर पार्टी ऐसा नहीं कर सकती, तो उन्हें गरिमापूर्ण तरीके से अपनी अलग राजनीतिक राह चुनने की आजादी दे दी जाए।


अन्नामलाई का पूरा ध्यान इस वक्त तमिलनाडु की जमीनी हकीकत पर केंद्रित है। उनका तर्क है कि राज्य के मौजूदा सियासी मिजाज में किसी भी शुद्ध राष्ट्रीय पार्टी के लिए बहुत ज्यादा गुंजाइश नहीं बची है। वहां एक ऐसी नई और वैकल्पिक राजनीतिक ताकत की जरूरत है, जो जमीन से जुड़ी हो और तमिल अस्मिता के साथ-साथ तमाम तबकों की चिंताओं को सुनने का माद्दा रखती हो। सूत्रों की मानें तो अन्नामलाई सीधे कोई राजनीतिक दल घोषित करने के बजाय सबसे पहले तमिलनाडु में एक बड़ा गैर-राजनीतिक जनआंदोलन शुरू करने की तैयारी में हैं, जिसका नाम 'मक्कल शक्ति इयक्कम' यानी 'पीपुल्स पावर मूवमेंट' हो सकता है। यह आंदोलन 'राष्ट्रवादी तमिल दर्शन' की बुनियाद पर खड़ा होगा, जिसे बाद में चलकर एक मजबूत क्षेत्रीय राजनीतिक दल का रूप दिया जा सकता है। आगामी 7 जून को वह अपने तमाम समर्थकों के साथ एक बड़ी बैठक करने वाले हैं, जिसके बाद उनकी आगे की रणनीति और इस नए सफर का आधिकारिक ऐलान होने की पूरी संभावना है।

इस पूरे घटनाक्रम के पीछे तमिलनाडु के बदलते राजनीतिक समीकरण और हाल ही में उभरा एक नया 'शून्य' सबसे बड़ी वजह है। दरअसल, सिनेमा के पर्दे से सियासत के मंच पर आए सुपरस्टार सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड 108 सीटें जीतकर राज्य के दशकों पुराने द्रविड़ समीकरण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। विजय की इस आक्रामक एंट्री ने सत्तारूढ़ डीएमके और मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के पारंपरिक वोट बैंक में जबरदस्त सेंध लगाई है। अन्नामलाई को लगता है कि थलपति विजय के इस उभार के बाद द्रविड़ राजनीति का वह पुराना दौर अब खत्म हो चुका है, जहां सिर्फ भाषा और क्षेत्रीयता के पुराने ढर्रे पर चुनाव जीते जाते थे। इस वक्त विजय को काउंटर करने के लिए राज्य में कोई दूसरा बड़ा और जुझारू चेहरा नहीं है। ऐसे में नए प्रयोगों और चेहरों के लिए तमिलनाडु की धरती पर एक बड़ा स्पेस तैयार हुआ है, जिसे अन्नामलाई अपनी शर्तों पर भुनाना चाहते हैं।

बीजेपी के भीतर भी इस बात को लेकर एक गंभीर आत्ममंथन चल रहा है कि अन्नामलाई का जाना पार्टी के लिए एक बहुत बड़ा झटका साबित हो सकता है। राज्य के कई सीनियर नेताओं का दबी जुबान में मानना है कि दिल्ली में बैठे रणनीतिकार तमिलनाडु के जमीनी मिजाज और चुनावी नब्ज को ठीक से समझने में नाकाम रहे। अगर पार्टी ने अन्नामलाई को पूरी खुली छूट और फैसले लेने की आजादी दी होती, तो आज विजय राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के अकेले नायक बनकर नहीं उभरते। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो अन्नामलाई की बेहद आक्रामक और लोकप्रिय 'एन मन्न, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) पदयात्रा ने राज्य की राजनीति का नक्शा बदल दिया था। करीब 200 दिनों तक चली और सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों को नापने वाली इस यात्रा की बदौलत ही 2021 के चुनाव में महज 3 फीसदी पर सिमटी बीजेपी का वोट शेयर 2024 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर 11 फीसदी तक पहुंच गया था।

## दैनिक पंचांग

**4 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




गुरुवार 2026 वर्ष का 155 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ पक्ष कृष्ण
तिथि चतुर्थी 23.31 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराषाढ़ा 03.42 बजे रात्र को समाप्त।
योग शुक्ल(शुक्र) 09.03 बजे को समाप्त।
करण बव 10.28 बजे तदनन्तर बालव 23.31 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 18.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 22° 24'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872730
जूलियन दिन 2461195.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज तारीख 18

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.02 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 08.16 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.32 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.44 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.55 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.09 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.30 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.17 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.50 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मेष | 02.20 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.00 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

### पलाश मार्ट स्टाल में आम विक्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

**पाकुड़ :** जिले के किसानों की आय में वृद्धि तथा स्थानीय कृषि उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी समर्थित चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा समाहरणालय के समीप स्थित पलाश मार्ट स्टॉल में ह्यआम विक्रय केंद्र की शुरूआत की गई। इस विक्रय केंद्र का उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिले में विकसित बागवानी परियोजनाओं से उत्पादित आमों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें पलाश ब्रांड के तहत पहचान दी जा रही है तथा इनके विपणन हेतु फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाईजेशन (एफपीओ) के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा और स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि पलाश मार्ट के माध्यम से स्थानीय किसानों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित आमों को एक संगठित बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे आम उत्पादकों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलेगा तथा उपभोक्ताओं को सीधे बागानों से प्राप्त ताजे, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट आम उचित दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे।

### जहरीले सांप के डसने से महिला की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केशपुर पंचायत के बागालगोड़ा गांव में जहरीले सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गौरी सबर (30 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गौरी सबर अपने घर के अंदर जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थीं। रात के सन्नाटे में अचानक उन्हें अपने कंधे पर तेज दर्द महसूस हुआ। दर्द के कारण उनकी नींद खुल गई। जब उन्होंने आसपास देखा तो एक सांप उनके बिस्तर के पास दिखाई दिया। सांप को देखकर वह घबरा गईं और जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। उनकी आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए और कमरे में पहुंचे। परिजनों ने घर की लाइट जलाई तो देखा कि बिस्तर से कुछ दूरी पर एक जहरीला सांप रेंग रहा था। परिजनों को आशंका हुई कि सांप ने गौरी को डस लिया है। इसके बाद बिना समय गंवाए उन्हें तत्काल इलाज के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी प्राथमिक जांच की, लेकिन उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती देख बेहतर उपचार के लिए उन्हें महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम), जमशेदपुर रेफर कर दिया। परिवार के सदस्य गौरी को लेकर एमजीएम अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी तबीयत और अधिक गंभीर हो गई और उन्होंने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

### एयरपोर्ट निर्माण को लेकर सांसद ने की परियोजना की प्रगति की समीक्षा

**पूर्वी सिंहभूम :** लंबे समय से प्रतीक्षित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट परियोजना अब जमीन पर उतरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रशासनिक, तकनीकी और पर्यावरणीय स्तर पर सामने आ रही प्रमुख बाधाओं के दूर हो जाने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने परियोजना के प्रथम चरण के कार्यों की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। इससे कोल्हान क्षेत्र के करीब 49 लाख लोगों के साथ-साथ ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों को भी सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर तैयारियां तेज, 'स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु अभियान' को लेकर बैठक आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह विशेष अभियान 05 जून, विश्व पर्यावरण दिवस तक जिलेभर में संचालित किया जा रहा है। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा ने 05 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की तथा सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निर्णय लिया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिद्धो-कान्हू पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु जागरूकता विषय पर आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई जाएगी, जिससे समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित हो सके। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुमंडल कार्यालय परिसर में भी साफ-सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से स्वच्छता, हरित पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला वन प्रमंडल कार्यालय द्वारा 04 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम नागरिकों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन है। उन्होंने सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि स्वच्छ एवं हरित पाकुड़ के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# विधायक निसात आलम ने 2.52 करोड़ों की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने एवं आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पाकुड़ विधायक निसात आलम द्वारा डीएमएफटी मद से स्वीकृत विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहिबगंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में पीसीसी सड़क,पुलिया, आरसीसी नाला एवं गार्डवाल निर्माण जैसी विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई। इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा वर्षा के दौरान होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत मिलेगी। विधायक निसात आलम ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सड़क, पुलिया एवं सुरक्षा दीवार जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा और विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। शिलान्यास की गई प्रमुख योजनाओं में मधुवापाड़ा पंचायत के महादेवपुर गांव में पीसीसी पथ सह पुलिया निर्माण,हस्तीपाड़ा पंचायत के जुहीबोना गांव में पीसीसी पथ निर्माण,एनएच-80 से भुताही पोखर तक पीसीसी सड़क निर्माण तथा आहूतग्राम पंचायत के इस्लामपुर गांव में मुख्य सड़क से एकरामुल के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त आहूतग्राम गांव में डॉ.फिरोज की दुकान से असगर शेख के घर तक ढक्कनयुक्त आरसीसी नाला निर्माण,मुख्य सड़क से एनताजुल शेख के घर तक पीसीसी सड़क एवं गार्डवाल निर्माण की योजना का भी शिलान्यास किया गया। वहीं विन्दुपाड़ा पंचायत के विशनपुर गांव में सड़क सह गार्डवाल निर्माण, आहूतग्राम पंचायत में मुख्य सड़क से सहादत हुसैन के घर तक पीसीसी सड़क एवं गार्डवाल निर्माण तथा रहमतपुर गांव में मुख्य सड़क से विद्यालय होते हुए सुधु के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मिर्जापुर में मुख्य सड़क से उर्दू विद्यालय होते हुए मोसार्रफ के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण, मधुवापाड़ा पंचायत के बसना गांव में मुख्य सड़क से नाजीर के घर होते हुए पटाल भग्गी तक पीसीसी सड़क सह पुलिया निर्माण तथा कालू पंचायत के सपेड़ियापाड़ा गांव में कालू मल्ला तालाब के समीप मकान एवं सड़क बचाव हेतु सुरक्षात्मक गार्डवाल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

### पुरुलिया रेलखंड पर तीन चरणों में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक, कई ट्रेनें रद्द

**पूर्वी सिंहभूम :** आद्रा मंडल के अंतर्गत रेलवे की ओर से महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य के लिए जून माह में तीन चरणों में ट्रैफिक-कम-पावर ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने ब्रिज संख्या-1 (बीआर-1) पर लगाए गए रिलीविंग गर्डर को हटाने (डी-लॉन्चिंग) के कार्य के लिए 4 जून, 8 जून और 11 जून 2026 को विशेष ब्लॉक की स्वीकृति दी है। इस दौरान कई यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से चलाया जाएगा तथा कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। बुधवार को रेलवे अधिकारियों के दी गई जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक कुल 3 घंटे 55 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक रहेगा। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा ताकि रेल पुल पर सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा किया जा सके।

# शिक्षा व्यवस्था पर उपायुक्त सख्त, उपस्थिति और अपार आईडी में सुधार के दिये निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, अपार आईडी जनरेशन, नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षक उपस्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में बायोमैट्रिक शिक्षक उपस्थिति 84.27 प्रतिशत है, जबकि लगभग 15 प्रतिशत विद्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। इस पर उपायुक्त ने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि ऐसे विद्यालयों का एक माह के भीतर भौतिक सत्यापन कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं कि किन कारणों से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। साथ ही नेटवर्क कवरेज होने के बावजूद अगर कोई शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज नहीं कर रहा हो तो अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। छात्रों की उपस्थिति की समीक्षा के क्रम में तालझारी प्रखंड की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सीबीएसई कक्षा 10वीं विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने परिणाम अपेक्षाकृत कम होने के कारणों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में अतिरिक्त घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र प्रस्ताव समर्पित करने को कहा। बैठक के दौरान बीआरपी एवं सीआरपी द्वारा विद्यालय भ्रमण, स्कूल बैग वितरण तथा पाठ्यपुस्तक वितरण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। अपार आईडी जनरेशन की समीक्षा में बोरियो, मंडरो, पतना एवं तालझारी प्रखंडों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। इस पर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं सीआरपी को अभियान चलाकर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

# संत जेवियर्स स्कूल में 10 दिवसीय समर क्रिकेट कैंप संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित 10 दिवसीय समर क्रिकेट प्रशिक्षण कैंप बुधवार को सम्पन्न हो गया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रामाणिक कोच सुस्मित रंजन के निर्देशन में चल रहे इस प्रशिक्षण कैंप की शुरूआत पिछले माह की 25 मई को हुई थी। प्रशिक्षण शिविर को विद्यार्थियों ने खूब सराहा। शिविर में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों का भरपूर साथ देकर इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड क्रिकेट संघ के सदस्य चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा थे। विद्यालय के प्रिंसिपल फादर एम. जोश ने गुलदस्ता भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर साहिबगंज क्रिकेट संघ के सह सचिव अशफाक आलम, क्रिकेट एक्सपर्ट टीचर अशोक साहनी, जाने-माने बिजनेसमैन गोविंद नंदन एवं क्रिकेटर तथा एक्स यूवी कन्वेंशन के श्याम रंजन तिवारी भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा ने बच्चों को मन से खेलने की प्रेरणा दी, कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए संघ हर संभव मदद करेगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और कोच सुश्मित रंजन के प्रयासों की सराहना की। प्रिंसिपल ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।

# झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में देश में दूसरा स्थान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले की झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत ने महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पंचायत को महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए पंचायत को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. बघेल द्वारा प्रदान किया गया। झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत की ओर से जिला परिषद अध्यक्ष खिष्टमुनि हेम्ब्रम, उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, मुखिया नरगिसा सुल्तान एवं पंचायत सचिव मो. मुस्तकिर ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्य नोडल पदाधिकारी सज्जाद मजीद तथा प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक आनंद प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को प्राप्त यह राष्ट्रीय सम्मान महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में किए गए नवाचारों, जनभागीदारी आधारित विकास कार्यों तथा पंचायत स्तर पर सुशासन की प्रभावी पहलों का परिणाम है। पंचायत द्वारा महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने, सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत की मुखिया, पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, ग्रामीणों एवं संबंधित अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे पाकुड़ जिले के लिए गर्व का विषय है और अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले की पंचायतें जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण एवं सतत विकास के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान ग्रामीण विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में जिले की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जिले की पंचायतें इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेंगी।

**संक्षिप्त खबरें**

### मालिन में राम कथा महायज्ञ में श्रद्धापूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कार्यक्रम संपन्न



**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड के मालिन ग्राम में आयोजित राम कथा महायज्ञ के उपलक्ष्य में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। हवन सम्पन्न होने के बाद ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। साथ ही अंग वस्त्र एवं दक्षिणा स्वरूप अन्य द्रव्य भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए संत-महात्माओं एवं ब्राह्मणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने राम नाम का संकीर्तन करते हुए धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि राम कथा महायज्ञ का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से परमीत तिवारी, अमरकांत भगत, हीरालाल साहा, गोपाल साह, विक्की यादव, गोलू मिश्रा, संतोष मिश्रा, संजीव साहा, जयदेव, प्रजा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फूलो-झानो पार्क में चला स्वच्छता और पौधरोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**साहिबगंज:** जिले के बरहेट प्रखंड में 03 जून 2026 को विश्व पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत साहिबगंज वन प्रमंडल द्वारा तीसरे दिन फूलो-झानो पार्क, बरहेट में स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना था। अभियान के तहत पार्क परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। वनकर्मियों ने पार्क परिसर से कचरे एवं अवांछित पदार्थों को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इसके उपरांत पार्क परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के माध्यम से हरित क्षेत्र के विस्तार, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फलदार एवं छायादार पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होते हैं। साथ ही, ये पौधे भविष्य में पार्क आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। अभियान के दौरान उपस्थित वनकर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें तथा अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में प्रधान वनरक्षी अमित कुमार सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य एवं हाइजीन के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन में जिले से 45 विद्यालय चयनित

**साहिबगंज:** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार (एमएसवीपी) 2025-26 के अंतर्गत राज्यभर के विद्यालयों के चयन की सूची जारी कर दी है। परिषद के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन द्वारा जारी पत्र के अनुसार स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं हाइजीन के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का विभिन्न स्तरों पर चयन किया गया है। जारी सूची के अनुसार राज्य के सभी जिलों से कुल 2582 विद्यालयों का चयन किया गया है। इनमें राज्य स्तर के 110, प्रमंडल स्तर के 5, शहरी निकाय स्तर के 41,प्रखंड स्तर के 262 तथा पंचायत स्तर के 2164 विद्यालय शामिल हैं। साहिबगंज जिले से कुल 45 विद्यालयों का चयन किया गया है। इनमें 3 विद्यालय शहरी निकाय स्तर, 9 विद्यालय प्रखंड स्तर तथा 29 विद्यालय पंचायत स्तर पर चयनित हुए हैं। यह चयन विद्यालयों में स्वच्छता एवं हाइजीन संबंधी बेहतर व्यवस्था के आधार पर किया गया है। परिषद ने सभी उपायुक्तों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चयनित विद्यालयों की जानकारी देते हुए आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह पुरस्कार विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर वातावरण तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### पर्यावरण दिवस पर साहिबगंज में साइकिल रैली, 'हरियाली बचाओ' का दिया संदेश




**साहिबगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत साहिबगंज की ओर से शहर में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को गैस गोदाम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया,जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुभाष चौक पर संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक रविकांत तांती ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साइकिल चलाकर प्रदूषण कम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं,छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम छोटी कुमारी, द्वितीय गुड़िया कुमारी, तृतीय लकी कुमार और अनिकेत और नमन कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।प्रतिभागियों ने 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ', साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ'जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और प्लास्टिक मुक्त साहिबगंज का संदेश देना था। कार्यक्रम का संचालन मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों ने किया। अंत में सुभाष चौक पर सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### ई-रिक्शा में जुड़वा बच्चों का हुआ जन्म

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया में बुधवार को एक महिला ने ई-रिक्शा में ही जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया। दरअसल महिला ई रिक्शा यानी टोटो पर सवार होकर प्रसव के लिए एक निजी क्लीनिक जा रही थी, तभी रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने लगी और देखते ही देखते महिला ने ई रिक्शा में ही एक बच्चे को जन्म दे दिया। वहीं, दूसरी तरफ एएनएम प्रियंका कुमारी की नजर बच्चों को जन्म दे रही उक्त महिला पर पड़ी। इसके बाद एएनएम ने महिला के दूसरे बच्चे का सुरक्षित प्रसव कराया और महिला सहित दोनों नवजात को एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल भेजा। रास्ते में ही ई रिक्शा में प्रसव के बावजूद महिला और दोनों बच्चे सुरक्षित है। इधर, रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा और प्रसव होते देख काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। एएनएम ने बताया कि रास्ते में ही प्रसव के बावजूद दोनों नवजात और महिला सुरक्षित है और आगे की जांच व इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत, पहचान में जुटी जीआरपी

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के मनोहरपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक हादसे में चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। घटना प्लेटफॉर्म संख्या-2 के समीप हुई, जहां ट्रेन से गिरने के बाद यात्री को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही जान चली गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतक शालिमार-कुर्ला एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन के दरवाजे के पास बैठा हुआ था। यात्रा के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल की तलाशी के दौरान जीआरपी को मृतक के पास से मोबाइल फोन, हेडफोन, चार्जर और कुछ नकदी मिली है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान करने और उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन भी प्रभावित रहा। राउरकेला-टाटा-बादामपहाड़ पैसेंजर ट्रेन को लगभग आधे घंटे तक रोके रखना पड़ा। बाद में रेलवे कर्मियों और जीआरपी की मदद से शव को ट्रैक क्षेत्र से हटाया गया, जिसके बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### आभूषण की ठगी करने वाला बिहार का गैंग धराया, छह गिरफ्तार

**पलामू :** चांदी साफ करने के बहाने आभूषण की ठगी करने वाला बिहार का गैंग पकड़ा गया है। छह ठगों की गिरफ्तारी हुई है। पलामू जिले की नौडीहा बाजार पुलिस ने यह कामयाबी हासिल की है। छतरपुर के एसडीपीओ प्रशांत कुमार टू ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के हुल्सी खुर्द गांव में चांदी और सोने के आभूषण साफ करने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से महिला का मंगलसूत्र, चांदी साफ करने में प्रयुक्त रसायन, तीन बाइक तथा अन्य उपकरण बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 2 जून को दो युवक हुल्सी खुर्द निवासी अनिता देवी के घर पहुंचे और चांदी के आभूषण साफ करने की बात कही।

भाजपा ने चलाया 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' महाअभियान

# जिला कार्यशाला में सरकार की उपलब्धियां व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा घोषित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, बोकारो जिला ने आज मगध बैंकेट हॉल, चास में एक सफल कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज ने की। जिला प्रभारी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. संजय सिंह मुख्य वक्ता थे।

कार्यशाला में वक्ताओं ने 12 वर्ष के विकासात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया और उन उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिन्हें पार्टी ने जनता के विश्वास का परिणाम बताया। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि पार्टी व सरकार ने देश को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने 12 वर्षों में हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों में अयोध्या के भव्य राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का समाप्ति, नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण), तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं का अंत और भारत के तीव्र आर्थिक उछाल की ओर बढ़ने को प्रमुख बताया।

जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज ने 5 जून से 21 जून 2026 तक राज्यव्यापी चलाए जाने वाले "बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" महाअभियान की रूपरेखा घोषित की। इसके तहत योजनाएँ और कार्यक्रम इस प्रकार तय किए गए हैं 5 जून विश्व पर्यावरण दिवसः 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, 14 जून जिला मीडिया संवाद कार्यक्रम, 16-17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17-20 जून मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी,18-19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशाला,21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम

कार्यशाला में गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय ने भी भाग लिया और कार्यकताओं से अपील की कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लें।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय सिन्हा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश तापड़िया ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में जनता से जुड़े कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें अंबिका ख्वास, जयदेव राय, शशि भूषण ओझा, मुकुल, अर्चना सिंह शंकर रजक, संजय त्यागी, अर्चना सिंह, अनिल स्वर्णकार, गिरजा देवी, बिनोद गोराई, रामलाल सोरेन, मुकेश राय, विभीषण सिंह चौधरी, ईश्वर महतो, रविशंकर जायसवाल, जयनारायण मरांडी, बिनोद कुमार, ऋषभ राय, सुभाष प्रसाद सिंह, हरीश चंद्र सिंह, हरिपद गोप, बैधनाथ प्रसाद, कुलदीप महथा, राजेश घोषाल, जितेंद्र गोस्वामी, बबलू चौबे, चंद्रशेखर महथा, धर्मेन्द्र महथा, भानु सिंह चौधरी, बुद्धेश्वर घोषाल, राधा देवी, बबीता देवी, भाई प्रमोद सिंह, जीतू बाउरी, प्रमोद कुमार दास, ब्रज दुबे, दिनेश कुमार महतो, जगतपति सिंह, पन्नालाल कांदु, सुमेश कुशवाहा, दिनेश यादव, सुजीत चक्रवर्ती, रामचंद्र महतो आदि शामिल थे।

पार्टी ने बताया कि महाअभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से सीधे जोड़ना तथा स्थानीय स्तर पर सहमति, संवाद और भागीदारी बढ़ाना है।

## विश्व साइकिल दिवस पर एनएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बेरमो :** केबी कॉलेज बेरमो की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जरबा बस्ती में साइकिल के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर गांव में साइकिल रैली निकालकर लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के निर्देश एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम मुखिया चन्द्रदेव कुमार घासी ने की। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समाज के विकास और जनजागरूकता के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं मुखिया चन्द्रदेव कुमार घासी ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य लोगों को साइकिल के स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना तथा इसे एक सस्ता, सरल और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देना है।

## बोकारो रेलवे स्टेशन पर टेंपो चालक व पोस्टर राइडर के बीच झड़प, सुरक्षा की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की दोपहर स्थानीय टेंपो चालक और एक रिप्रोड्यू राइडर अनिमेष (युवा राइडर) के बीच नोंकझोंक अक्सर विवाद में बदल गई। रिपोर्ट के अनुसार, अनिमेष ने किसी यात्रियों के साथ टेंपो चालकों द्वारा हो रहे मनमाने किराये वसूलने का विरोध किया, और जब उसने यह बात अपने साथी राइडर्स को बताई तो मौके पर पहुंची राइडर्स और टेंपो चालकों के बीच बहस तेज हो गई।

स्थल पर मौजूद राइडर्स ने पत्रकारों से कहा कि स्टेशन के आस-पास कुछ व्यक्ति विशेष दबंगई दिखाकर यात्रियों से मनमाना भाड़ा वसूल करते हैं। जब राइडर्स वहां मौजूद रहते हैं तो वे यह मनमानी रोका करते हैं, इसलिए इन्हीं कारणों से उन पर अक्सर दबाव और प्रताड़ना की घटनाएँ होती रहती हैं। राइडर्स का कहना है कि हम अपने इलाके के ही युवा हैं, जिनकी ज़िंदगी कठिन है। कई के पास परिवार का सहारा नहीं, और वे राइडिंग के जरिए अपना गुजारा और सपने पाल रहे हैं। लेकिन लगातार हो रहे अमानवीय व्यवहार ने हमारे हौसले तोड़ दिए हैं। हमें केवल सम्मान और सुरक्षा चाहिए। घटना के बाद दोनों पक्षों के सदस्यों ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी और तीखी बहस की। मौके पर मौजूद यात्रियों ने कहा कि इससे स्टेशन परिसर में माहौल तनावपूर्ण हो गया और कई समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ। किसी तरह को भी बड़ी हिंसा की सूचना नहीं मिली, किन्तु दोनों पक्षों के नेताओं के बीच बहस बढ़ने पर स्थिति नियंत्रित करने के लिए आसपास के लोग और कुछ स्थानीय युवा इकठ्ठे हो गए।

## हेल्दी क्लब युवा खिलाड़ियों को वॉलीबॉल खेल के माध्यम से बना रहा है हेल्दी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** नगर के सेक्टर 5 स्थित हेल्दी क्लब युवा खिलाड़ियों को वॉलीबॉल मैच के माध्यम से हेल्दी बना रहे हैं। इस हेल्दी क्लब में कई सेवानिवृत्त खिलाड़ी भी प्रतिदिन वॉलीबॉल के अभ्यास मैच में हिस्सा ले रहे हैं। इस हेल्थी क्लब की स्थापना बीएसएल के सेवानिवृत वॉलीबॉल खिलाड़ी कमलेश होता व पी पी सिंह ने कर खिलाड़ियों को अभ्यास करना शुरू किया था। जिसमें बोकारो के रेलवे खिलाड़ी मो. तसलीम ने बताया कि वह नए युवा खिलाड़ियों को स्किल व बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए अभ्यास करा रहे हैं। जिसके बदौलत नगर के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहरा रहा है।

वॉलीबॉल कोच राहुल कपरदार व सुरेंद्र रजवार ने बताया कि इस हेल्थी क्लब के माध्यम से लगातार अभ्यास कर युवा खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर पा रहे हैं। जिसके माध्यम से तीन युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो का परचम लहराया है। उन्होंने बताया कि यहां पर लगातार अभ्यास होते रहने के कारण अब युवा खिलाड़ी में लड़कियां भी शामिल हो रही है। यहां पर होमगार्ड जवान राजेंद्र सिंह, एलआईसी के एजेंट जय सिंह, समेत शशि रंजन, महावीर महतो, महेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, अविनाश कुमार, अनिल कुमार, सर्वेश कुमार सिंह समेत अन्य खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास कर रहे हैं। साथ ही होली क्रॉस स्कूल के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार व खिलाड़ी श्रुति कुमारी भी यहां इस मैदान में आकर प्रतिदिन अभ्यास करने लगी है।

## बोकारो के पॉश इलाके में फिर चोरी सीसीटीवी तोड़ कर फ्रिज के ताले काटे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर के सबसे पॉश माने जाने वाले सेक्टर 4 के आंबेडकर कॉलोनी स्थित एक दुकान में चोरों ने फिर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार चोरों ने चोरी करने से पहले पोल में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद दुकान के फ्रिज के ताले काटकर करीब चार हजार रुपए का सामान ले गए।

यहां पिछले कुछ समय में यह चौथी बार ऐसी घटना हुई है। इलाके के दुकानदारों का कहना है कि चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है और वे भय में जी रहे हैं। दुकान मालिक संतोष कुमार ने बताया, यहां कई सरकारी अधिकारी और क्वार्टर पड़ोसी में रहते हैं, फिर भी चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। मैंने कई बार चोरी की रिपोर्ट दी है, पर स्थिति जस की तस है।

सेक्टर 4 थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी ने शुरूआती जांच की पुष्टि करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त पाए गए हैं और घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी जांच के बाद ही अधिक जानकारी दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है।

# विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी चंचला कुमारी ने छात्राओं को किया प्रेरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पतरातु :** झारखंड की अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान चंचला कुमारी ने बुधवार को गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन परिसर पहुंचकर प्रतिभागियों से संवाद किया। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी चंचला कुमारी का यह दौरा छात्राओं के लिए प्रेरणा, उत्साह और आत्मविश्वास से भर देने वाला साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा करते हुए छात्राओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार मेहनत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में चंचला कुमारी ने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान बच्चों ने खेल, शिक्षा, संघर्ष और सफलता से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा आत्मविश्वास ही मंजिल तक पहुंचाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

अपने संबोधन में चंचला कुमारी ने कहा कि प्रत्येक बच्ची के भीतर असीम क्षमता और प्रतिभा मौजूद होती है। जरूरत केवल उसे पहचानने और सही दिशा में आगे बढ़ाने की है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करें और अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा ने चंचला कुमारी का स्वागत करते हुए उनके अनुभव साझा करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भी छात्राओं को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

चंचला कुमारी के प्रेरक विचारों और अनुभवों ने छात्राओं के भीतर नया उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। उपस्थित छात्राओं ने कहा कि यह मुलाकात उनके लिए लंबे समय तक प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य ने किया बोकारो इस्पात संयंत्र का दौरा




**बोकारो :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ 3 जून को बोकारो इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ निजी सचिव कुशेश्वर साहू, क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक पी.के. दास, अन्वेषक राहुल एवं रिया तथा विधि सलाहकार राहुल यादव भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान डॉ. आशा लकड़ा एवं उनके प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिकारीयों के साथ बोकारो इस्पात नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदाय के विकास से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. आशा लकड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों का भी अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने संयंत्र के कोक ओवन एवं कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप विभाग का दौरा कर वहां की उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

### गर्भवती महिला की निर्मम हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बोकारो :** जिले में कुछ दिनों से गरजती मांगों के बीच आज पुलिस ने गर्भवती महिला की हत्या के मुख्य आरोपी संतोष साव को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने इलाके में भारी आक्रोश और जनआंदोलन छेड़ दिया था, जिसे लेकर भाजपा ने भी पूरे जोर-शोर से अभियान चलाया था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी संतोष साव को स्थानीय थाना की टीम ने संयोजन में छापेमारी के बाद धर दबोचा। आरोपी पर हत्या समेत कोयला चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्तता का आरोप है। पुलिस ने बताया कि अन्य नामजद अभियुक्तों के खिलाफ भी पहले से कार्रवाई जारी है और कुल मिलाकर अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़िता का नाम अनिता बताया गया है, जो दलित और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की सदस्य थी। वह गर्भवती थी। आरोप है कि कोयला चोरों ने खाना पकाने के लिए कुछ कोयला लेने निकली अनिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पीड़िता के परिजन, विशेषकर पति महेश भुइयां, ने आरोपी कोयला माफिया संतोष साव समेत 20 से अधिक लोगों को इस हत्या का उत्तरदायी बताया था। स्थानीय लोगों में पुलिस की आरंभिक निष्क्रियता को लेकर भारी रोष फैल गया और इलाके में जनआंदोलन खड़ा हो गया। भाजपा ने घटना को लेकर जिला स्तर पर दिशा-निर्देश जारी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान छेड़ दिया तथा एसपी व जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बाद में आजसू भी भाजपा के साथ आंदोलन में शामिल हो गई। दोनों पार्टियों के लगातार दबाव और धरना-प्रदर्शनों के बाद पुलिस पर कार्रवाई तेज हुई और संतोष साव की गिरफ्तारी संभव हो सकी। पुलिस ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच जारी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के अनुसार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क किनारे खड़ी बस में लगी आग



**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो के आजादनगर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क किनारे खड़ी एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बस धू-धू कर जलने लगी और अंततः पूरी तरह राख में तब्दील हो गई। घटना ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर-1 स्थित राज मोबाइल के समीप की बताई जा रही है। स्थानीय सुभान आलम, हिदायतुल्लाह अंसारी और राजेश कुमार के अनुसार सुबह के समय बस से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल गया और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और संबंधित विभागों को दी गई। बस रोजाना रात में उसी स्थान पर खड़ी की जाती थी और सुबह अपने निर्धारित मार्ग पर परिचालन के लिए निकलती थी। बुधवार को भी बस सड़क किनारे खड़ी थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। हालांकि आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गनीमत रही कि घटना के समय बस में कोई मौजूद नहीं था और न ही किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग और अधिक फैल जाती तो आसपास की दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता था। समय रहते स्थिति नियंत्रित होने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

### टाटा स्टील परिसर में बड़ी चोरी की साजिश नाकाम, तीन गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील के संयंत्र परिसर में चोरी की एक बड़ी साजिश को सुरक्षा विभाग ने समय रहते विफल कर दिया। कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात विशेष निगरानी अभियान चलाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपित कंपनी के बहुमूल्य सामान की चोरी करने की तैयारी में थे, लेकिन सुरक्षा टीम की सतर्कता के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो सकी। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में मोहम्मद बाबू और मोहम्मद इरशाद शामिल हैं, जो जुगसलाई क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। तीसरे आरोपित की पहचान और उसकी भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद परिसर में निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी दौरान तीनों को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ लिया गया। घटना के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपितों से पूछताछ की और आवश्यक जांच-पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में चोरी की साजिश से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। पकड़े गए आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए बिष्टुपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित ट्रक पुल के नीचे गिरा

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब लोहे की पाइप लेकर जा रहा एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। यह दुर्घटना डुमरिया-कोवाली मुख्य मार्ग पर बादलगोड़ा और बोमरो गांव के बीच स्थित होरगाडा पुलिया के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में पुलिया से गुजर रहा था, तभी चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

संक्षिप्त डायरी

## तेज प्रताप यादव बोले- मां मेरे लिए लिए सम्मान का विषय हैं...,

**पटना (एजेंसी)** राबड़ी देवी के सरकारी बंगले को लेकर चल रहे विवाद के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. इस मामले में तेज प्रताप यादव ने अपनी मां राबड़ी देवी को सम्मान का विषय बताते हुए प्रतिक्रिया दी है. साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर सम्राट चौधरी और राबड़ी देवी की अकजनरेटेड तस्वीर भी साझा की बिहार की राजनीति में सरकारी आवास आवंटन को लेकर एक बार फिर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है. बिहार विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगले को लेकर विवाद चर्चा में है. इस बीच जनशक्ति जनता दल (JJD) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. तेज प्रताप ने शेयर किया अकफोटो तेज प्रताप यादव ने कहा है कि उनकी मां उनके लिए सम्मान का विषय हैं और किसी भी सार्वजनिक व्यक्ति के प्रति टिप्पणी करते समय मयार्दा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए. उन्होंने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री और राबड़ी देवी की एक अकजनरेटेड तस्वीर भी साझा की और लिखा कि राज्य के शीर्ष पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवाद का स्तर हमेशा सम्मानजनक रहना चाहिए. तेज प्रताप यादव का ट्वीट इसी क्रम में तेज प्रताप यादव ने अपने संदेश में दोहराया कि परिवार और मातृ सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत टिप्पणी से बचना चाहिए और राजनीतिक विमर्श को गरिमा के साथ आगे बढ़ाना चाहिए. राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड बंगला आवंटितः सीएम सम्राट उधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधान परिषद में आवास आवंटन को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में 39 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास आवंटित है, जबकि वे फिलहाल 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में रह रही हैं. इसी तरह, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आवास एक पोलो रोड पर स्थित बताया गया है. सियासी बयानबाजी तेज, मामला सुर्खियों में सरकारी आवासों के उपयोग और आवंटन को लेकर चल रही इस चर्चा के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है. हालांकि सभी पक्षों की ओर से अपने-अपने तर्क सामने रखे जा रहे हैं और मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है.

## मिलावट ने छीनी नालंदा की मिठास, कभी देशभर में मशहूर थीं ये मिठाइयां, अब पहचान बचाने की जंग

**पटना (एजेंसी)** नालंदा जिले की पारंपरिक मिठाइयां, जो कभी अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध थीं, आज अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं. मिलावटखोरी, गुणवत्ता में गिरावट और बदलती उपभोक्ता पसंद के कारण कई ऐतिहासिक मिठाइयों की लोकप्रियता लगातार कम हो रही है. (कंचन कुमार) नालंदा जिले की पारंपरिक मिठाइयां, जो कभी अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध थीं, आज अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं. मिलावटखोरी, गुणवत्ता में गिरावट और बदलती उपभोक्ता पसंद के कारण कई ऐतिहासिक मिठाइयों की लोकप्रियता लगातार कम हो रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जिले की यह खाद्य विरासत धीरे-धीरे इतिहास बन सकती है. राजभोग, रेवड़ी और पेड़ा की चमक पड़ने लगी फीकी गिरियक का राजभोग, बिहारशरीफ की रेवड़ी, इस्लामपुर का लाई-मुकंद दाना और निचलंगज का पेड़ा कभी नालंदा की पहचान माने जाते थे. शादी-विवाह, त्योहार और सामाजिक आयोजनों में इन मिठाइयों की विशेष मांग रहती थी. लेकिन अब इनकी बिक्री और लोकप्रियता दोनों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है.ब्रांडेड मिठाइयों ने बढ़ाई स्थानीय कारोबारियों की मुश्किलें पारंपरिक मिठाई कारोबारियों का कहना है कि पहले उनके उत्पादों की मांग दूसरे जिलों और राज्यों तक रहती थी. अब उपभोक्ता बेहतर पैकेजिंग और शुद्धता के भरोसे के कारण ब्रांडेड मिठाइयों को प्राथमिकता देने लगे हैं. इसका सीधा असर स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों की आय पर पड़ा है. रेवड़ी और पेड़ा की घटती मांग से बढ़ी चिंता तीन दशक पहले बिहारशरीफ की रेवड़ी और निचलंगज का पेड़ा क्षेत्र की पहचान हुआ करते थे. बाहर से आने वाले लोग भी इन मिठाइयों को विशेष रूप से खरीदकर ले जाते थे. लेकिन वर्तमान समय में इनकी बिक्री में आई गिरावट ने मिठाई व्यवसाय से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ा दी है. मोरातालाब का खोवा बना नई पसंद जहां पारंपरिक पेड़ा और खोवा की लोकप्रियता में कमी आई है, वहीं बिहारशरीफ के मोरातालाब क्षेत्र का खोवा उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनकर उभरा है. ग्राहकों का मानना है कि यहां मिलने वाला खोवा अपेक्षाकृत अधिक शुद्ध और बेहतर गुणवत्ता वाला होता है. बदल गया रेवड़ी का पारंपरिक स्वाद पुराने कारीगरों के अनुसार पहले रेवड़ी तैयार करने में केवल शुद्ध चीनी, पारंपरिक मसाले और विशेष तकनीक का उपयोग किया जाता था. अब लागत कम करने और अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में कई स्थानों पर निम्न गुणवत्ता की सामग्री और कृत्रिम तत्वों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्वाद और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हुए हैं. मिलावटखोरी पर निगरानी कमजोर होने के आरोप मिठाई कारोबारियों और उपभोक्ताओं का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की नियमित जांच और सख्त कार्रवाई के अभाव में मिलावटखोरों का मनोबल बढ़ा है. इसका असर सीधे स्थानीय मिठाइयों की साख और बाजार पर पड़ा है. लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कई पारंपरिक मिठाइयां बाजार से गायब हो सकती हैं. सिलाव का खाजा अब भी बना हुआ है ब्रांड जहां कई पारंपरिक मिठाइयां संघर्ष कर रही हैं

## बिहार के छोटे व्यापारियों के लिए खुशखबरी, अब फ्री में होगा दुकान का रजिस्ट्रेशन

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत दी है. अब 10 कर्मचारियों तक वाले प्रतिष्ठानों को रजिस्ट्रेशन से छूट मिलेगी. इस फैसले से व्यापारियों में खुशी की लहर है. बिहार सरकार ने छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को बड़ी राहत देते हुए 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए निबंधन (रजिस्ट्रेशन) की अनिवार्यता खत्म कर दी है. इस फैसले का बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है और इसे व्यापार को आसान बनाने वाला कदम बताया है. 10 कर्मचारियों तक दुकानों को छूट नई व्यवस्था के तहत अब केवल 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को ही निबंधन कराना होगा. इससे छोटे दुकानदारों और सूक्ष्म व्यवसायियों पर पड़ने वाला प्रशासनिक बोझ कम होगा और वे बिना जटिल प्रक्रियाओं के अपना कारोबार चला सकेंगे. बिहार चैम्बर ने फैसले को बताया ऐतिहासिक बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल ने इस निर्णय को छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ी राहत बताया है. उन्होंने कहा कि पहले एक या दो कर्मचारियों वाले दुकानों को भी रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता था, जिससे अनावश्यक परेशानी होती थी. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगा बढ़ावा चैम्बर का कहना है कि इस फैसले से राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूती मिलेगी. छोटे उद्योगों के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी. 20 कर्मचारियों तक छूट की मांग फिर दोहराई गई

# बिहार के सभी जिलों में बनेंगे फूड पार्क, इंडस्ट्री के लिए बनेगा 50000 एकड़ का लैंड बैंक, सम्राट चौधरी का ऐलान



**पटना (एजेंसी)** बिहार में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को नई रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान किया है. राज्य में 11 मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और सभी 38 जिलों में फूड पार्क बनाए जाएंगे. साथ ही उद्योगों के लिए 50 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाएगा. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में 11 बड़े मेगा पार्क और सभी 38 जिलों में फूड पार्क बनाने करने की घोषणा की है. उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द उचित कदम उठाने के निर्देश जारी कर दिए हैं. मुख्यमंत्री ने पटना स्थित अपने सरकारी आवास पर उद्योग विभाग के कामकाज की एक हाई-लेवल समीक्षा बैठक बुलाई थी. फैक्ट्रियों के लिए बनेगा 50 हजार एकड़ का लैंड बैंक मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उद्योगों को तुरंत जमीन देने के लिए 50 हजार एकड़ का एक बड़ा लैंड बैंक तैयार किया जाए. उन्होंने उद्योग विभाग को अन्य संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर जमीन का इंतजाम करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा है. बिहार के सभी जिलों के डीएम को जमीन अधिग्रहण के लिए सीधे आम लोगों और किसानों से बातचीत करने का निर्देश दिया गया है. प्रशासन जमीन मालिकों की भूमि का सही मुआवजा देकर उनकी आपसी सहमति से ही जमीन लेगा. नई इंडस्ट्रियल यूनिट को सरकार की तरफ से तय की गई सब्सिडी सही समय पर उपलब्ध कराई जाएगी. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में आगे निकलेगा बिहार मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य बिहार को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश का टॉप राज्य बनाना है. इसके लिए बिहार में कोई भी नई फैक्ट्री लगाने की पूरी प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा. इंडस्ट्री लगाने के लिए मिलने वाली एनओसी और सुविधाएं निवेशकों को समय पर दी जाएंगी. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें उद्योगपतियों और व्यापारिक संगठनों से सुझाव लेगी सरकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को निवेशकों के लिए एक आकर्षक और पसंदीदा गंतव्य बनाना है.

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बिहार के स्थानीय उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों से विचार-विमर्श कर उनके सुझावों पर अमल करें. इस समीक्षा बैठक में उद्योग मंत्री श्रेयशी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत मौजूद रहे. इनके अलावा सीएम के सचिव लोकेश सिंह एवं संजय सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा शामिल हुए.

## नवादा के नेता को इखट में मिली बड़ी जिम्मेदारी, माहुरी समाज ने किया भव्य सम्मान

**पटना (एजेंसी)** बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना के सम्मान में मंगलवार की शाम मिजार्पुर स्थित माहुरी धर्मशाला में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में माहुरी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए और फूल-मालाओं तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. (बब्लू कुमार) बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना के सम्मान में मंगलवार की शाम मिजार्पुर स्थित माहुरी धर्मशाला में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में माहुरी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए और फूल-मालाओं तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, गर्व और सम्मान का माहौल देखने को मिला. नई जिम्मेदारी पर समाज ने जताया गर्व, कहा- नवादा का बढ़ा मान-सम्मान कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने संजय कुमार मुन्ना की संगठनात्मक क्षमता, नेतृत्व कौशल और लंबे राजनीतिक अनुभव की जमकर सराहना की. वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे नवादा जिले और माहुरी समाज के लिए भी गौरव का विषय है. ह्यमेहनत और समर्पण का मिला सम्मानह्न, बोले समाज के गणमान्य लोग रोटेरियन नीरज कुमार बब्लू ने कहा कि संजय कुमार मुन्ना ने वर्षों तक संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है. उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है. उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा. प्रदेश मंत्री बोले- कार्यकर्ता को सम्मान देना भाजपा की पहचान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संजय कुमार मुन्ना ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति का प्रमाण है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे. गरीबों और जरूरतमंदों की आवाज बनने का लिया संकल्प अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी. साथ ही गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य करते रहने का संकल्प भी दोहराया. माहुरी समाज के गणमान्य लोगों की रही बड़ी भागीदारी कार्यक्रम में माहुरी समाज के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे.

## पटना को मिला पहला अत्याधुनिक शवदाह गृह, बांस घाट पर आज से शुरू हुई नई सुविधा


**पटना (एजेंसी)** पटना के बांस घाट पर राजधानी का पहला अत्याधुनिक शवदाह गृह शुरू हो गया है. इस नई सुविधा का संचालन ईशा आउटरीच द्वारा किया जाएगा, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और आधुनिक बनेगी. शवदाह गृह के शुरू होने से लोगों को बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक सेवा उपलब्ध हो सकेगी. राजधानी पटना के बांस घाट पर करीब 89.40 करोड़ रुपये की लागत से बना राज्य का पहला आधुनिक श्मशान घाट परिसर आज से जनता की सेवा के लिए समर्पित होने जा रहा है. पटना स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित इस बेहद आधुनिक परिसर का शुभारंभ आज पारंपरिक गुरु पूजा के साथ किया जाएगा. इस पूरे परिसर के सुचारू संचालन व रख-रखाव की जिम्मेदारी पांच वर्षों के लिए ईशा आउटरीच (कायांत स्थानाम्) को सौंपी गई है, जिसके लिए पटना नगर निगम व ईशा फाउंडेशन के बीच हाल ही में एक समझौता हुआ है. वहीं, निर्माण एजेंसी बुडको अगले पांच वर्षों तक इसके मेंटेनेंस का काम देखेगी. एक साथ 10 शवों के अंतिम संस्कार की सुविधा इस अत्याधुनिक परिसर में एक साथ 10 शवों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की गई है. पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को प्राथमिकता देते हुए यहां गुजरात से मंगाई गई 4 इलेक्ट्रिक ओवन मशीनें व बिहार में ही निर्मित 6 आधुनिक वुड क्रीटेशन ओवन लगाए गए हैं. ये मशीनें पारंपरिक तरीकों के मुकाबले लगभग 90 फीसदी कम प्रदूषण फैलाती हैं और इनमें लकड़ी की खपत भी बेहद कम होती है. इसके अलावा, शवों को सुरक्षित रखने के लिए यहां मोर्चरी फ्रीजर की भी व्यवस्था है. एक ही छत के नीचे मिलेगी हर सुविधा, ऑनलाइन बुकिंग भी परिजनों को लंबी कतारों और अफरातफरी से बचाने के लिए यहां सॉफ्टवेयर के जरिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की अनूठी सुविधा शुरू की जा रही है. मोक्ष द्वार के पास ही एक ही परिसर में धोती, साड़ी, घी और चंदन की लकड़ी समेत करीब 45 तरह की अंत्येष्टि सामग्रियां तय और किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी

# गयाजी के शेरघाटी में पैक्स चुनाव में खूनी बवाल, मतदान केंद्र के बाहर चली ईंट-पत्थर और लाठियां, कई लोग घायल



**पटना (एजेंसी)** गयाजी जिले के शेरघाटी प्रखंड स्थित चिताप कला पैक्स चुनाव के दौरान बुधवार को मतदान केंद्र के बाहर जमकर हंगामा हुआ. दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते रोड़ेबाजी और लाठी-डंडे की झड़प में बदल गया. गयाजी जिले के शेरघाटी प्रखंड स्थित चिताप कला पैक्स चुनाव के दौरान बुधवार को मतदान केंद्र के बाहर जमकर हंगामा हुआ. दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते रोड़ेबाजी और लाठी-डंडे की झड़प में बदल गया. घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों और भारी पुलिस बल को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी. मतदान केंद्र के बाहर भड़का विवाद चिताप कला पैक्स चुनाव के दौरान दो प्रत्याशी समर्थकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. आरोप है कि दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच कहासुनी के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे. इसके बाद लाठी-डंडों का भी इस्तेमाल किया गया. आधे दर्जन से अधिक लोग हुए घायल घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है. घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल के अलावा विभिन्न निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. घायलों में पूर्व पैक्स अध्यक्ष एवं प्रत्याशी जितेंद्र प्रसाद यादव के भाई रणवीर प्रसाद यादव, रविरंजन कुमार, पुरुषोत्तम कुमार तथा मौजमा गांव निवासी अभय कुमार समेत अन्य लोग शामिल हैं. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप पहले पक्ष के लोगों का आरोप है कि दूसरे पक्ष के समर्थक बिना वजह हंगामा कर रहे थे. उनका कहना है कि पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने के बावजूद अचानक ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे मतदान केंद्र के बाहर अफरा-तफरी मच गई. घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ मनीष कुमार, डीएसपी संदीप कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद तथा थानाध्यक्ष मोहन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए भीड़ को नियंत्रित किया. पुलिस ने खदेड़ी भीड़, फिर सामान्य हुआ मतदान पुलिस ने दोनों पक्षों के समर्थकों को मतदान केंद्र से दूर हटाया और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया. इसके बाद मतदान की प्रक्रिया फिर से सामान्य ढंग से शुरू हो सकी. प्रशासन ने मतदान केंद्र के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की. शेरघाटी प्रखंड के चिताप कला, बार पंचायत और नगर क्षेत्र के गोपालपुर पैक्स के लिए मतदान कराया जा रहा है.

## बिहार में आग उगल रहा आसमान, इन 6 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी, जानिए कब आएगा मानसून




**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है. आंधी-बारिश के बाद अब तापमान तेजी से बढ़ रहा है और कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है. मौसम विभाग ने 6 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, जबकि मानसून अभी राज्य से दूर है. बिहार में पिछले दिनों हुई आंधी और बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी थी, लेकिन अब मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. राज्य के अधिकतर जिलों में आसमान साफ है और गर्मी तेजी से बढ़ रही है. कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को बिहार के कुछ जिलों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है. हालांकि हीटवेव का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है. वहीं बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और अरवल जिले में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की गई है. पटना और गया में भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. सबसे गर्म रहा कैमूर मंगलवार को कैमूर (भभुआ) 41.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा. इसके अलावा डेहरी, भागलपुर और शेखपुरा में भी तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया. वहीं सासाराम और गयाजी में आंधी के साथ बारिश हुई, जबकि बक्सर और औरंगाबाद में बादल छाए रहे. क्यों बढ़ी फिर से गर्मी? बारिश की गतिविधियां कमजोर पड़ीं मई के आखिरी सप्ताह और जून की शुरूआत में हुई प्री-मानसून बारिश से तापमान में गिरावट आई थी. लेकिन अब बारिश कम होने से मौसम सूखा हो गया है और तापमान तेजी से बढ़ रहा है. साफ आसमान बना कारण राज्य के अधिकतर हिस्सों में बादल कम हो गए हैं. तेज धूप सीधे जमीन को गर्म कर रही है, जिससे दिन का तापमान लगातार ऊपर जा रहा है. अगले 24 घंटे में भी मौसम साफ रहने की संभावना है. मानसून अभी बिहार से दूर दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी बिहार नहीं पहुंचा है. इसके 12 से 16 जून के बीच राज्य में पहुंचने की संभावना है. जब तक मानसून सक्रिय नहीं होता, तब तक गर्म हवाओं और उमस का असर बना रहेगा. देश में मानसून की स्थिति भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून के 4 जून के आसपास केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं.

## राजगीर मलमास मेला घूमकर लौट रहा था युवक, ट्रेन से गिरकर मौके पर मौत




**पटना (एजेंसी)** राजगीर मलमास मेला से दर्शन कर घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना नालंदा जिले के मोहनी हाल्ट के समीप हुई, जहां चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. (सुनील कुमार) राजगीर मलमास मेला से दर्शन कर घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना नालंदा जिले के मोहनी हाल्ट के समीप हुई, जहां चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आधार कार्ड से हुई पहचान, भोजपुर का रहने वाला था युवक पुलिस ने घटनास्थल से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान भोजपुर जिले के छीना गांव निवासी रंजन प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र अजय कुमार प्रसाद के रूप में की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेजा गया, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दिल्ली से लौट रहा था अजय, घर में था खुशी का माहौल परिजनों ने बताया कि अजय कुमार प्रसाद दिल्ली में रहकर मजदूरी और अन्य कामकाज करते थे। 27 मई को उन्होंने फोन पर परिवार से बातचीत कर घर आने की जानकारी दी थी। परिवार में मुंडन संस्कार का आयोजन होना था, जिसमें शामिल होने के लिए वह अपने गांव लौट रहे थे। पहले मलमास मेला घूमने पहुंचा, फिर रास्ते में हो गया हादसा जानकारी के अनुसार घर जाने से पहले अजय राजगीर पहुंचे थे, जहां उन्होंने मलमास मेला और अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन किया। इसके बाद वह ट्रेन से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मोहनी हाल्ट के पास किसी कारणवश ट्रेन से गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे और स्थानीय पुलिस जांच में जुटी घटना की सूचना मिलते ही रेलवे और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने का प्रतीत होता है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। एक हादसे ने छीन ली परिवार की खुशियां जिस घर में मुंडन संस्कार की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने भी इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी घटना की सच्चाई सामने लाने और भविष्य में ऐसे हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है.

# नालंदा में तीन साल बाद भी अधूरी रही सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य, करोड़ों की योजना विफल



**पटना (एजेंसी)** नालंदा जिले में ग्रामीण इलाकों को रोशन करने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना तीन वर्ष बाद भी अपने निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी है. 32,900 सोलर लाइट लगाने के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 30,179 लाइटें ही स्थापित की जा सकी हैं. : (कंचन कुमार) नालंदा जिले में ग्रामीण इलाकों को रोशन करने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना तीन वर्ष बाद भी अपने निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी है. 32,900 सोलर लाइट लगाने के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 30,179 लाइटें ही स्थापित की जा सकी हैं. हालांकि प्रशासन का दावा है कि शेष कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा. 91 प्रतिशत लक्ष्य पूरा, फिर भी हजारों लाइटें लगना बाकी जिले के 20 प्रखंडों, 230 पंचायतों और 3,060 वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. अब तक 30,179 लाइटें लगाई जा चुकी हैं, जो कुल लक्ष्य का 91.73 प्रतिशत है. इसके बावजूद 2,700 से अधिक लाइटों का कार्य अभी भी लंबित है. 11.51 करोड़ की योजना से गांवों में बढ़ी रोशनी करीब 11.51 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना के तहत ग्रामीण सड़कों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सोलर लाइटें लगाई जा रही हैं. योजना की 45 प्रतिशत राशि वित्त आयोग मद और 55 प्रतिशत राशि राज्य योजना मद से खर्च की जा रही है. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है. बराह पंचायत से हुई थी योजना की शुरूआत सोलर स्ट्रीट लाइट मिशन की शुरूआत हरनौत प्रखंड की बराह पंचायत से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी. पहले चरण में यहां 180 सोलर लाइटें लगाई गई थीं. इसके बाद योजना को पूरे जिले में चार चरणों में विस्तार दिया गया. सुस्त एजेंसियों पर प्रशासन की सख्ती योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी तीन एजेंसियों को दी गई है. प्रशासन के अनुसार कुछ एजेंसियों की धीमी गति के कारण कार्य प्रभावित हुआ, जिस पर जुमार्ना भी लगाया गया है. अधिकारियों ने शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं. खराबी होने पर रुकेगा भुगतान प्रत्येक 20 वाट क्षमता वाली सोलर लाइट पर एजेंसियों को 3,500 रुपये का भुगतान किया जाता है. भुगतान चरणबद्ध तरीके से किया जाता है. यदि रखरखाव अवधि में खराबी दूर नहीं की जाती है तो एजेंसियों का भुगतान रोका जा सकता है. सेंसर तकनीक और ऑनलाइन निगरानी से होगी मॉनिटरिंग सभी सोलर लाइटें सेंसर आधारित हैं, जो दिन में स्वतः बंद और रात में स्वतः चालू हो जाती हैं. तकनीकी खराबी की सूचना कंट्रोल रूम तक स्वतः पहुंच जाएगी. इसके लिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम भी विकसित किया गया है. टोल फ्री नंबर पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत ग्रामीणों की सुविधा के लिए 18003092849 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है. इसके माध्यम से सोलर लाइट से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं. एजेंसी को 48 घंटे के भीतर समस्या का समाधान करना होगा.



**कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।**

# कर्नाटक की यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, आप भी जरूर करें एक्सप्लोर

दक्षिण भारत देश का खूबसूरत और प्रमुख हिस्सा माना जाता है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जिसको पर्यटन का मुख्य केंद्र माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती के लिए आते हैं। कर्नाटक में गोकर्ण, कूर्ग, बेंगलुरु, हम्पी और मैसूर जैसी फेमस जगहों पर घूमने के लिए सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

हालांकि इन जगहों की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है, लेकिन कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंगुबे की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आपको जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### अंगुबे

बता दें कि यह खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन कर्नाटक के शिमोगा जिले में पड़ता है। अंगुबे को एक बेहद खूबसूरत गांव के साथ ही यहां का शानदार और छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है।

अगुंबे कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से करीब 345 किमी दूर स्थित है। वहीं यह उडुपी से करीब 60 किमी दूर, मंगलूरू से 100 किमी और कर्नाटक के चिकमंगलूर से करीब 112 किमी की दूरी पर मौजूद है।

### अंगुबे की खासियत

अंगुबे में ऐसी अनगिनत खासियत है, जो पर्टयकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित अंगुबे को कर्नाटक का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं यह कर्नाटक का सबसे हसीन और खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक माना जाता है।

अंगुबे न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। इसलिए इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत भी माना जाता है। अंगुबे को कर्नाटक का चेरापूंजी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूब बारिश होती है। इस हिल स्टेशन की खूबसूरती के आगे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी फीके लगते हैं।

### जानिए क्यों है खास

सैलानियों के लिए अंगुबे बेहद ही खास और अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह उन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। यह अपने शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

अंगुबे हिल स्टेशन न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि एडवेंचर के लिए भी जाना जाता है। कई पर्यटक यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर स्थित सबसे ऊंची बिंदू से फोटोग्राफी करना हर किसी का सपना होता है।

### अगुंबे सनसेट पॉइंट


जब भी अंगुबे में किसी शानदार जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले अंगुबे सनसेट पॉइंट की बात होती है। यह सबसे लोकप्रिय पॉइंट है, जहां से पूरे शहर का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। वहीं यहां से सनसेट और सनराइज का नजारा काफी मनमोहक होता है।

### जोगीगुंडी फॉल्स

अंगुबे में स्थित यह जगह जोगीगुंडी फॉल्स बेहद शानदार और अद्भुत खजाने से कम नहीं है। हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटकों को यह खूबसूरत वॉटरफॉल आकर्षित करता है। इस वॉटरफॉल के आसपास काफी हरियाली है। बताया जाता है कि इसका पानी एक गुफा से निकलता है और मानसून का समय यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट है।

# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर

**कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है।**



कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं कपूरथला के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. कपूरथला महल

कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे फ़पंजाबी वर्सायफ़ के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं। महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं।

### 2. शाही मस्जिद

कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं।

### 3. सुंदरबाग

सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है।

### 4. कपूरथला ज्यूडिशियल किला

कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है। किले के चारों ओर फैला हरित क्षेत्र और इसके प्राचीन कक्ष पर्यटकों को बहुत आकर्षित करते हैं।

### 5. गुलाबबाग

कपूरथला का गुलाबबाग एक शानदार बगीचा है, जो विशेष रूप से अपनी गुलाब की झाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ विभिन्न प्रकार के गुलाबों का संग्रह देखने को मिलता है, जो बाग को एक अद्वितीय सुंदरता प्रदान करते हैं। गुलाबबाग की सैर करते हुए पर्यटक गुलाबों की खूबसूरती और बाग के शांत वातावरण का आनंद लेते हैं। यह स्थान फूलों के शौकिनों के लिए आदर्श है।

### 6. चरणबीर बाग

चरणबीर बाग कपूरथला का एक ऐतिहासिक बाग है, जो अपने अद्भुत सौंदर्य और शाही संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। इस बाग में कई आकर्षक फूल और पेड़-पौधे हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बाग में स्थित ऐतिहासिक स्मारक और शाही महल इस स्थान को और भी खास बनाते हैं। यहाँ घूमते हुए पर्यटक प्रकृति के साथ-साथ इतिहास की समृद्धि को भी महसूस कर सकते हैं।


### 7. फव्वारा

फव्वारा कपूरथला के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक खूबसूरत और आकर्षक फव्वारा है, जो शहर के बीच स्थित है। इसके आसपास का माहौल और पानी के बहाव का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहाँ पर अक्सर लोग आराम करने के लिए आते हैं और शहर की हलचल से दूर शांति का अनुभव करते हैं।

### 8. शहीदी स्मारक

कपूरथला के शहीदी स्मारक में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक उन वीर शहीदों की याद में बनवाया गया था जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह स्थल इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण और शिक्षाप्रद स्थल है।

कपूरथला एक ऐसा शहर है, जहाँ ऐतिहासिक धरोहर, शाही महल, धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत मिश्रण है। कपूरथला महल, शाही मस्जिद, सुंदरबाग और गुलाबबाग जैसे स्थल इस शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल पंजाब की लोक कला और संस्कृति से परिचित होते हैं, बल्कि वे यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर का भी आनंद लेते हैं। अगर आप इतिहास, वास्तुकला और प्रकृति प्रेमी हैं, तो कपूरथला की यात्रा आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकती है।



# ओडिशा की प्राचीन धरोहर हैं उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं।

ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर शहर के निकट स्थित उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ प्राचीन भारतीय कला, संस्कृति और धार्मिकता का अद्भुत उदाहरण हैं। ये गुफाएँ न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिल्पकला और वास्तुकला के दृष्टिकोण से भी अत्यधिक मूल्यवान हैं। उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ जैन धर्म से संबंधित हैं और ये गुफाएँ 2,000 साल पुरानी मानी जाती हैं। इन गुफाओं को देखकर हम प्राचीन भारत की धार्मिक आस्थाओं और उनकी जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का इतिहास

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ मुख्य रूप से जैन साधुओं द्वारा vst शताब्दी ईसा पूर्व में बनाई गई थीं। इन गुफाओं का निर्माण शासक कुमारगुप्त I के शासनकाल में हुआ था, जो गुप्त साम्राज्य के सम्राट थे। यह गुफाएँ उनके द्वारा प्रोत्साहित किए गए धार्मिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों के तहत बनाई गई थीं। उदयगिरी का नाम उदय यानी सूर्योदय से जुड़ा हुआ है, जबकि खंडगिरी का अर्थ है खंडित पर्वत , जो यहाँ की पर्वत श्रृंखलाओं की विशेषता को दर्शाता है।

उदयगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं। यहाँ की गुफाओं में जैन धर्म से संबंधित चित्रकला और मूर्तिकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है।

उदयगिरी की गुफाओं में प्रमुख गुफा हाथी गुफा है, जिसका नाम यहाँ की हाथी के आकार की मूर्ति के कारण पड़ा। इसके अलावा, गांधार गुफा भी प्रसिद्ध है, जहां एक बड़ी मूर्ति और शिलालेख पाए जाते हैं। ये गुफाएँ जैन साधुओं द्वारा ध्यान और तपस्या के लिए इस्तेमाल की जाती थीं। यहाँ की दीवारों और छतों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र आज भी उस समय के कला और शिल्प कौशल की गवाही देती हैं।

खंडगिरी गुफाएँ

खंडगिरी गुफाएँ उदयगिरी के पास स्थित हैं और यहाँ कुल 15 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं का आकार उदयगिरी की गुफाओं से थोड़ा अलग है, और इनका निर्माण भी जैन साधुओं द्वारा ध्यान और पूजा के उद्देश्य से किया गया था। खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनके अनुशासन की छवियाँ उकेरी गई हैं। खंडगिरी की एक प्रसिद्ध गुफा रानी गुफा है, जिसे शाही गुफा भी कहा जाता है। यह गुफा अपनी सुंदर वास्तुकला के लिए जानी जाती है। इसमें एक शाही परिवार की मूर्तियाँ और चित्रकला देखने को मिलती हैं। यहाँ की अन्य गुफाओं में साधारण साधुओं के चित्र और मूर्तियाँ हैं जो उनके जीवन की गाथाएँ बयान करती हैं।

शिल्पकला और मूर्तिकला

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र शिल्पकला और मूर्तिकला का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यहाँ पर जैन धर्म से संबंधित कई दृश्य और भगवान महावीर की मूर्तियाँ, जो कि जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकर हैं, देखने को मिलती हैं। गुफाओं में शिलालेख भी पाए जाते हैं, जो उस समय की धार्मिक और सांस्कृतिक जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।

इन गुफाओं की शिल्पकला में रचनात्मकता और सूक्ष्मता दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, उदयगिरी की हाथी गुफा में उकेरी गई हाथी की मूर्ति और खंडगिरी की रानी गुफा में शाही सजावट इसकी विशेषता हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का धार्मिक महत्व

इन गुफाओं का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है, खासकर जैन धर्म के अनुयायियों के लिए। इन गुफाओं में ध्यान और साधना के लिए विशेष स्थान बनाए गए थे। यहाँ की मूर्तियाँ और चित्र जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनकी आस्थाओं को व्यक्त करते हैं। इन गुफाओं के माध्यम से हम जैन धर्म के इतिहास, विचारधारा और आस्था को समझ सकते हैं।

# इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टी 20 में 6 विकेट से हराया, श्रृंखला 2-1 से जीती

एजेंसी

**टॉनटन :** एलिस कैप्सी और हीदर नाइट की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार देर रात (भारतीय समयानुसार बुधवार) को भारत को अंतिम टी20 मुकाबले में 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने शुरूआती झटकों के बाद शानदार वापसी की और 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।




लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में डैनी वायट-हॉज आउट हो गईं, जबकि सोफिया डंकली भी जल्दी पवेलियन लौट गईं। पावरप्ले के अंतिम ओवर में एमी जोन्स का विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड दबाव में दिख रहा था।

हालांकि इसके बाद एलिस कैप्सी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों पर लगातार हमला बोला और केवल 26 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कप्तान हीदर नाइट ने संयम के साथ पारी को संभाला और धीरे-धीरे रन गति बढ़ाई।

दोनों बल्लेबाजों के बीच शतकीय साझेदारी ने भारत की वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया। कैप्सी ने 82 रन की शानदार पारी खेली, जबकि नाइट 70 रन बनाकर नाबाद लौटीं। अंत में नाइट ने चौके के साथ इंग्लैंड को जीत दिलाई।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 180 रन बनाए। भारतीय टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाज जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने तेज बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में रन गति बनाए रखी। उन्होंने आकर्षक शॉट्स लगाए लेकिन रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं।

मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिम्मेदारी संभाली और नाबाद 56 रन बनाए। हालांकि अंतिम पांच ओवरों में भारतीय टीम केवल 48 रन ही जोड़ सकी, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने महत्वपूर्ण दो विकेट लिए।

**संक्षिप्त स्कोर :**भारत महिलाः 180/5 (20 ओवर) – हरमनप्रीत कौर 56* , यास्तिका भाटिया 32; लॉरेन बेल 2/36 इंग्लैंड महिलाः 184/4 (18.3 ओवर) – एलिस कैप्सी 82, हीदर नाइट 70*; अरुंधति रेड्डी 2/31

**परिणाम :** इंग्लैंड महिला 6 विकेट से विजेता।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 41 रन से हराया, तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी

**लाहौर :** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात लाहौर में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। धीमी और कम उछाल वाली पिच पर तेज गेंदबाज नाथन एलिस की घातक गेंदबाजी ने मैच का रुख ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में मोड़ दिया। एलिस ने चार विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही। एलेक्स कैरी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट और मार्नस लाबुशेन भी जल्दी पवेलियन लौट गए, जिससे टीम 51 रन पर तीन विकेट गंवाकर संकट में आ गई। इसके बाद जोश इंग्लिस और कैमरून ग्रीन ने पारी संभाली। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को स्थिरता दी। इंग्लिस ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए, जबकि ग्रीन ने संयमित अंदाज में 53 रन जोड़े। मध्यक्रम में मैट रेनशॉ और ओलिवर पीक ने भी अहम योगदान दिया। अंतिम ओवर में पीक के चौके और छक्के की मदद से ऑस्ट्रेलिया 50 ओवर में 231/9 तक पहुंचने में सफल रहा। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत भी बेहद खराब रही। माज सदाकत पहली ही ओवर में बोल्ड हो गए। इसके बाद साहिबजादा फरहान, बाबर आजम और सलमान आगा भी जल्दी आउट हो गए। नाथन एलिस, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा की सटीक गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम पूरी तरह बिखर गया और टीम 78 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हालांकि इसके बाद शादाब खान ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अराफात मिन्हास के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी कर मुकाबले में जान फूंकी। शादाब ने 104 गेंदों में 71 रन बनाए और टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। शाहीन अफरीदी ने भी कुछ तेज रन बनाए लेकिन जैसे ही शाहीन आउट हुए, पाकिस्तान की उम्मीदें खत्म हो गईं। नाथन एलिस ने वापसी करते हुए अपना चौथा विकेट हासिल किया और अंत में तनवीर संघा ने शादाब का विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी समाप्त कर दी।



ऑस्ट्रेलिया 231/9 (50 ओवर) – कैमरून ग्रीन 53, जोश इंग्लिस 51; शाहीन अफरीदी 3/36, अराफात मिन्हास 2/27

पाकिस्तान 190 (44.1 ओवर) – शादाब खान 71; नाथन एलिस 4/33, मैथ्यू शॉर्ट 3/36

ऑस्ट्रेलिया 41 रन से विजयी।

# नॉर्वे शतरंज 2026 : प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को हराकर खिताबी दौड़ में बनाए रखी उम्मीदें




एजेंसी

**नई दिल्ली :** ओस्लो में जारी नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया। यह इस टूर्नामेंट में दूसरी बार है जब प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को मात दी है। इससे पहले भी उन्होंने चौथे दौर में कार्लसन को हराया था। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंद के अब 12 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रतियोगिता में अब केवल दो दौर शेष हैं और भारतीय खिलाड़ी शीर्ष स्थान से सिर्फ दो अंक पीछे हैं। अमेरिका के वेस्ली सो 14 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरोजजा 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं ओपन वर्ग में भारत के दूसरे खिलाड़ी डी. गुकेश को इस दौर में अलीरजा फिरोजजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गुकेश फिलहाल 8 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं, जबकि कार्लसन उनसे केवल एक अंक आगे हैं।

# भारथ क्लासिक : मोरक्को में भुल्लर और पुखराज पर रहेंगी भारतीय उम्मीदें

एजेंसी

**मोरक्को :** इस सप्ताह मोरक्को में आयोजित होने वाले 5 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी एएम ग्रीन आईजीपीएल भारथ क्लासिक में भारतीय गोल्फरों की मजबूत चुनौती देखने को मिलेगी। भारतीय खिलाड़ियों की अगुवाई एशियन टूर पर सबसे अधिक खिताब जीतने वाले सक्रिय खिलाड़ी गगनजीत भुल्लर और आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता पुखराज सिंह गिल करेंगे। आईजीपीएल टूर के प्रमुख टूर्नामेंट एएम ग्रीन आईजीपीएल भारथ क्लासिक का यह दूसरा संस्करण है। पिछले वर्ष इसका आयोजन भारत के केन्सविल गोल्फ रिजॉर्ट में हुआ था, जबकि इस बार प्रतियोगिता मोरक्को में आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट में एशियन टूर के कई बड़े नाम भी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पूर्व ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता



थाईलैंड के जैज जनवत्तनानंद, मौजूदा ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका के इयान स्नाइमन और पिछले साल के विजेता थाईलैंड के पूसित सुपुप्रमाई शामिल हैं। भारतीय चुनौती इस बार बेहद मजबूत होगी क्योंकि 40 से अधिक भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में जगह बनाई है। गगनजीत भुल्लर के अलावा करनदीप कोचर, उदयन माने, कार्तिक सिंह, शौर्य भट्टाचार्य, अमन राज, सचिन बैसोया और आर्यन रूपा आनंद भी मैदान में उतरेंगे। भुल्लर एशियन टूर पर अपने अगले खिताब की तलाश में हैं। उनका आखिरी एशियन टूर खिताब नवंबर 2023 में आया था। हालांकि उसके बाद उन्होंने आईजीपीएल में चार खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। पुखराज सिंह गिल ने कहा कि आईजीपीएल भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच दे रहा है और इससे उन्हें इंटरनेशनल सीरीज जैसे बड़े आयोजनों तक पहुंचने का मौका मिला है। प्रतियोगिता में कुल 144 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 36 होल के बाद कट लागू होगा और शीर्ष 65 खिलाड़ी तथा बराबरी पर रहने वाले गोल्फर अंतिम दो दौर में जगह बनाएंगे। इस सप्ताह का आयोजन स्थल मजागान बीच एंड गोल्फ रिजॉर्ट है, जो मोरक्को के अटलांटिक तट पर स्थित 18 होल का शानदार गोल्फ कोर्स है।

# फीफा विश्व कप 2026 : बेल्जियम ने अभ्यास मैच में क्रोएशिया को 2-0 से हराया

एजेंसी

**रियेका :** फीफा विश्व कप 2026 की तैयारियों के तहत मंगलवार को खेले गए मैत्री अभ्यास मैच में बेल्जियम ने मेजबान क्रोएशिया को 2-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बेल्जियम के स्टार स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू ने राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए अपना रिकॉर्ड 90वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। यह पिछले 12 महीनों में बेल्जियम के लिए उनका पहला मैच था। बेल्जियम को शुरूआती बढ़त कप्तान यूरी टिलेमांस ने दिलाई। 38वें मिनट में क्रोएशिया की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने नजदीक से गोल दागा। यह मूव जेरेमी डोकू के शानदार आक्रमण के बाद बना। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई बदलाव किए। बेल्जियम ने आठ खिलाड़ियों को मैदान में उतारा, जबकि क्रोएशिया ने 10 बदलाव किए। लुकाकू को अंतिम 18 मिनट के लिए मैदान पर भेजा गया और उन्होंने मुकाबले की आखिरी कोशिश में तेज शॉट लगाकर गोल कर दिया। 33 वर्षीय लुकाकू क्लब स्तर पर नापोली के साथ निराशाजनक सीजन के बाद वापसी कर रहे हैं। पूरे सीजन में वह शुरूआती एकादश में जगह नहीं बना सके और हैमस्ट्रिंग चोट से भी जूझते रहे। बेल्जियम के हांस वानाकेन ने भी दूसरे हाफ में हेडर लगाया, लेकिन गेंद क्रॉसबार से टकरा गई। वहीं क्रोएशिया के आंते बुदिमिर और लुका मोड्रिच मौके नहीं भुना सके। अब क्रोएशिया अपना अगला अभ्यास मैच स्लोवेनिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाफ खेलेगा, जबकि बेल्जियम का सामना ट्यूनीशिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से होगा। विश्व कप में बेल्जियम अपने अभियान की शुरूआत 15 जून को मिस्र के खिलाफ करेगा, जबकि क्रोएशिया 17 जून को इंग्लैंड राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से भिड़ेगा।



# अंडर-18 एशिया कप 2026 : भारत ने सिंगापुर को 25-0 से रौंदा

## भारतीय टीम ने पूल–ए में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 में अपने अंतिम पूल-ए मुकाबले में सिंगापुर को 25-0 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। जापान के काकामिगाहारा में खेली गई इस एकतरफा जीत के साथ भारत ने ग्रुप चरण का समापन तीनों मैच जीतकर किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की।




भारतीय टीम के लिए नौशीन नाज सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने शानदार सात गोल दागे (8', 13', 17', 18', 40', 52', 58')। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई गीताश्री नम्मी ने पांच गोल किए (13', 28', 47', 48', 60')। कप्तान स्वीटी कुजूर ने चार गोल (2', 24', 38', 45') कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रियंका मिंज ने हैट्रिक लगाई (22', 37', 53'), दीया (27'), नैन्सी सरोहा (36'), श्रुति कुमारी (40'), पुष्पा मांझी (47'), रश्मीन कौर (47') और संदीपा कुमारी (51') ने भी गोल दागकर जीत को ऐतिहासिक बना दिया।

भारत ने मैच की शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। दूसरे मिनट में कप्तान स्वीटी ने पहला गोल किया। इसके बाद नौशीन और गीताश्री ने लगातार हमले करते हुए सिंगापुर की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा जारी रहा और हाफ टाइम तक टीम ने बड़ा अंतर बना लिया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने गोलों की झड़ी लगाते हुए मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया।

भारत ने इससे पहले मलेशिया, कोरिया और सिंगापुर को हराया और नौ अंकों के साथ पूल-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब टीम के सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी का फैसला पूल-बी के मुकाबलों के बाद होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप : केरल ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब




**गांधीनगर :** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर में आयोजित चौथी राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग एवं पैरा–आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में केरल ने लगातार दूसरी बार सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। चार दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 1800 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह भारत में आयोजित अब तक की सबसे बड़ी आर्मरेसलिंग प्रतियोगिताओं में से एक रही। प्रतियोगिता का आयोजन आर्मरेसलिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन गुजरात के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह परमार और कोषाध्यक्ष मयंक पटेल के नेतृत्व में पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के तत्वावधान में किया। प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक रहे युवराज वर्मा, जिन्हें सीनियर पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब मिला। युवराज ने पहले 110 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता और फिर अलग–अलग भार वर्गों के विजेताओं को हराकर यह प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किया। उन्होंने 90 किलोग्राम वर्ग के विजेता डेनिक लालरुआत्तलुआंगा, 85 किलोग्राम वर्ग के विजेता वेथोजो लोहे और फाइनल में 100 किलोग्राम वर्ग के विजेता आभास राणा को हराया। युवराज ने दाएं और बाएं दोनों हाथों के 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर शानदार दोहरा प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में मधुरा हसन ने फाइनल में मिजोरम की के. लालहरियातपुई को हराकर महिला चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में कई बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब 18 वर्षीय आभास राणा ने 100 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लंबे समय से अपराजित चल रहे मजाहिर सईदू को हराकर नया इतिहास रच दिया। महिला वर्ग में केरल की जोश्या जे ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की अनुभवी आर्मरेसलर योगेश चौधरी और निर्मल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के समापन पर पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष और एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने भारतीय आर्मरेसलिंग की नई प्रतिभाओं और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को सामने लाया है। वहीं प्रो पंजा लीग के सह–संस्थापक पर्विन दबास ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट भविष्य के सितारों को तैयार करने का मंच बनते हैं और इस बार प्रतियोगिता का स्तर बेहद शानदार रहा।

### भारत-अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच में शिवांग का नेट बॉलर के रूप में चयन

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के क्रिकेटर शिवांग कुमार का टीम इंडिया कैंप में चयन होने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवांग को भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए नेट बॉलर के रूप में चुना गया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्साह है। शिवांग कुमार ने इसी साल आईपीएल में हैदराबाद की टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। टीम इंडिया कैंप में चयन की खबर मिलते ही परिवार और एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में जश्न का माहौल बन गया। शिवांग के पिता प्रवीण कुमार ने इसे बेटे की मेहनत, लगन और संघर्ष का परिणाम बताया। वहीं एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने बुधवार को मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। खिलाड़ियों ने शिवांग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्रिकेट कोच मिर्जा दानिश आलम ने कहा कि शिवांग ने लगातार मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद चयनकताओं की नजर उन पर गई। टीम इंडिया कैंप में जगह बनाना किसी भी खिलाड़ी के लिए गौरव का क्षण होता है। शिवांग कुमार ने बताया कि भारत अफगानिस्तान टेस्ट के लिए नेट बॉलर के रूप में चयन किया गया है। इसके लिए में बुधवार को चंडीगढ़ आ गया हूं।

### एनडीटीएल और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच समझौता, खेल विज्ञान और एंटी-डोपिंग शोध को मिलेगा बढ़ावा




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), नई दिल्ली और श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के बीच खेल विज्ञान, एंटी–डोपिंग अनुसंधान और खिलाड़ियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। भारत सरकार के स्वायत्त निकाय एनडीटीएल और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच यह साझेदारी खेलों में वैज्ञानिक शिक्षा, स्वच्छ खेल संस्कृति और शोध को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और खेलों में नैतिकता, वैज्ञानिक उत्कृष्टता तथा खिलाड़ियों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समझौते के तहत छात्रों और शिक्षकों को उन्नत प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, शोध परियोजनाओं, विशेषज्ञ व्याख्यान और अत्याधुनिक प्रयोगशाला प्रणालियों का अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही विश्लेषणात्मक परीक्षण, एंटी–डोपिंग विज्ञान, फोरेंसिक विश्लेषण और स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़े क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं ज्ञान आदान–प्रदान कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। एनडीटीएल के निदेशक डॉ. पी. एल. साहू ने इस साझेदारी को वैज्ञानिक अनुसंधान और कुशल मानव संसाधन निर्माण की दिशा में अहम बताया। उन्होंने कहा कि एनडीटीएल का उद्देश्य हमेशा भारत में खेलों की शुचिता बनाए रखना रहा है और विश्वविद्यालय के साथ यह सहयोग भविष्य के वैज्ञानिकों, शोधकताओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों को तैयार करने में मदद करेगा। एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह नवाचार, अनुभव आधारित शिक्षा तथा शोध आधारित शिक्षण की उनकी सोच के अनुरूप है। इससे छात्रों को आधुनिक तकनीकों और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। एनडीटीएल की संचालन एवं सामान्य निकाय के सदस्य तथा प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. वाई. के. गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, संकाय विकास कार्यक्रम और छात्र इंटर्नशिप जैसे कई नए अवसर पैदा करेगी। दोनों संस्थानों ने इस समझौते के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कुशल स्वास्थ्य एवं शोध कार्यबल के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एक नजर

### बारिश की फुहारों से लोगों को मिली गर्मी और उमस से राहत

मुंबई: पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान मुंबईवासियों को बुधवार की सुबह बारिश की फुहारों ने राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई के उत्तरी तटीय क्षेत्र के पास मध्यम से तीव्र संवहनशील (कन्वेक्टिव) बादल बनते देखे गए, जिनकी ऊँचाई लगभग 3 से 4 किलोमीटर तक दर्ज की गई है। इन बादलों के प्रभाव से शहर के उपनगरों में आने वाले कुछ घंटों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में बुधवार सुबह हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। विशेष रूप से मीरा-भाईंदर क्षेत्र में मानसून सीजन 2026 की पहली बारिश रिकॉर्ड की गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

हालांकि, मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि सुबह की बारिश के बाद हवा में नमी बढ़ने की संभावना बनी हुई है, जिससे उमस फिर से महसूस हो सकती है। उत्तर मुंबई के तटीय क्षेत्र के पास अरब सागर में मध्यम तीव्रता के बादल सक्रिय रहे। इसके चलते उपनगरों में बीच-बीच में हल्की बारिश की स्थिति बनी रही। सुबह कुछ क्षेत्रों में धूप भी निकली, जिससे शहर में ह्लधूप और बादलह्व का मिला-जुला मौसम देखने को मिला।

उपग्रह चित्रों में कोकण के दक्षिणी हिस्से, गोवा, कर्नाटक तट और केरल के उत्तरी क्षेत्रों में फैले बादलों की एक व्यापक पट्टी सक्रिय दिखाई दी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इन प्रणालियों का असर अगले कुछ घंटों में तटीय इलाकों में और अधिक महसूस किया जा सकता है। मौसम विभाग ने नागरिकों को हल्के और आरामदायक कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और मौसम में हो रहे बदलावों पर नजर रखने की सलाह दी है। गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन बढ़ी हुई नमी के कारण उमस बनी रह सकती है।

# आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने पर ही पूरा होगा विकसित भारत का लक्ष्य : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब आदिवासी समुदाय भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। आदिवासी समाज सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है लेकिन योजनाओं की जानकारी और उनतक समय पर लाभ नहीं पहुंच पाते। आदिवासी परिवार आत्मसम्मान के साथ जीवन जीते हैं और उनके कल्याण के लिए योजनाओं को बार-बार उनके दरवाजे तक ले जाना आवश्यक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों और एकीकृत



जनजातीय विकास परियोजनाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, राज्यमंत्री दुगार्दास उइके, मंत्रालय की सचिव रंजना चोपड़ा और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मेलन जनजातीय परिवर्तन कारकों का सम्मेलन है। आप सब पर यह जिम्मेदारी है कि जनजातीय समुदाय के कल्याण और विकास कार्यक्रमों को उनके गांव और घर तक पहुंचाएं। ऐसा करने से जनजातीय समुदाय के भाई-बहनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। राज्य और परियोजना स्तर पर काम करने वाले सभी लोग जब एक बड़े उद्देश्य के साथ विचार-विमर्श करेंगे तो अनेक उपयोगी समाधान सामने आएंगे।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के गांव और बस्तियां दूरदराज के इलाकों में जंगलों और पहाड़ों में स्थित हैं। ऐसे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना अधिकारियों का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री जन योजना के तहत 20,000 से अधिक आदिवासी गांवों तक विकास कार्यक्रम पहुंचाने का लक्ष्य है। विशेष रूप से पीबीटीजी समूहों को घर, जमीन और आजीविका उपलब्ध कराना आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईटीडीए और आईटीडीपी जैसी संस्थाओं का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है ताकि आदिवासी समुदाय को विशेष ध्यान देकर आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती मां को पोषण, प्रत्येक बच्चे को शिक्षा और प्रत्येक युवा को गरिमापूर्ण आजीविका उपलब्ध कराना सभी एजेंसियों का दायित्व है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदाय के पास पारंपरिक ज्ञान और कौशल है, जिसे आधुनिक विकास प्रयासों के साथ जोड़ना चाहिए। आदिवासी समाज के पास बुनाई, हस्तकला और अन्य कलाओं में अद्वितीय प्रतिभा है। इन कलाओं को मूल्यवर्धन और वित्तीय सशक्तिकरण से जोड़कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा किया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सशक्तिकरण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना होगा। आदिवासी युवाओं को आधुनिक तकनीक और शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है ताकि वे बदलते समय के साथ कदम मिला सकें। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों से कहा कि वे आदिवासी समाज की समस्याओं को सीधे सुनें और उनके समाधान के लिए योजनाएं तैयार करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फिजूलखर्ची को रोकें, वित्तीय भविष्य सुरक्षित बनाएं

**रांची :** अस्थिर बाजारों, बढ़ती महंगाई और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के इस दौर में, वित्तीय रूप से मजबूत होना अब कोई विकल्प नहीं बल्कि बेहद जरूरी हो गया है। इसके बावजूद, लंबी अवधि की संपत्ति के लिए सबसे बड़ा खतरा शायद ही कभी बाहरी दुनिया से आता है; यह हमारे रोजमर्रा के खर्च करने के व्यवहार में छिपा होता है। अपनी वित्तीय स्थिति को एक 'स्पेंड-ओ-मीटर' की तरह समझें—एक ऐसा पैमाना जो यह ट्रैक करता है कि आपकी कमाई कितनी तेजी से खर्च हो रही है। यदि इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह चुपचाप उस वित्तीय बुनियाद को कमजोर कर देता है जिसे आप बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यहाँ बताया गया है कि आपको किन बातों पर ध्यान देना है और अपनी वित्तीय स्थिति पर दोबारा नियंत्रण कैसे पाना है। बिना सोचे-समझे खर्च करना: छोटी लीक, बड़ा नुकसान वन-क्लिक चेकआउट, सेम-डे डिलीवरी और हमे लक्ष्य करने वाले एल्गोरिद्मिक विज्ञापनों ने खर्च करना बेहद आसान बना दिया है। वह बिना योजना के खरीदा गया गैजेट, देर रात का फूड ऑर्डर, या वह फ्लैश सेल जिसे आप ?छोड़ नहीं सकते थे-ये सब उस वक्त बहुत मामूली लगते हैं। लेकिन ये छोटे और लगातार होने वाले खर्च समय के साथ मिलकर आपकी बचत को बड़ा नुकसान पहुंचाते हैं। भावनाओं में बहकर खर्च करना: आज की राहत, कल से समझौता 'रिटेल थेरेपी' कभी-कभार के शौक से बदलकर अब एक आदत बन चुकी है। तनाव, बोरियत या एक खराब दिन अब कुछ ही सेकंड में खरीदारी में बदल सकता है। हालांकि इससे मिलने वाली अस्थायी राहत सच है, लेकिन इसका दीर्घकालिक नुकसान भी उतना ही सच है-लगातार भावनाओं में बहकर खर्च करने की आदत आपकी वित्तीय स्थिरता को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। सैलरी बढ़ने पर आपकी बचत बढ़नी चाहिए। लेकिन अक्सर, इसके बजाय आपके खर्च बढ़ जाते हैं। जैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे स्टेटस को अपग्रेड करने का दबाव भी बढ़ता है-जैसे बेहतर अपार्टमेंट, बड़ी कार या महंगे कपड़े। लाइफस्टाइल में आने वाला यह धीमा बदलाव एक ऐसी ट्रेडमिल बना देता है, जहां आप कमाते तो ज्यादा हैं, लेकिन कभी भी आर्थिक रूप से सार्थक रूप से आगे नहीं बढ़ पाते।

# स्वच्छ ऊर्जा से 2030 तक 44 लाख से अधिक नौकरियों की उम्मीद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के स्वच्छ ऊर्जा से वर्ष 2030 तक 44 लाख से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इसमें रूफटॉप सोलर योजना सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र होगा। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर और नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल इंडिया के एक अध्ययन में यह बातें सामने आई हैं। यह रिपोर्ट 'ड्राइविंग एनर्जी ट्रांजिशन: वर्कफोर्स, स्किल्स, एंड जेंडर इन इंडियाज रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर' को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। यह वर्ष 2024-25 में सौर, पवन, जैव ऊर्जा और जलविद्युत क्षेत्रों की कंपनियों के बीच किए गए एक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है। इस अध्ययन ने विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा



तकनीकों और व्यवसायीकरण वाले चरणों में कर्मचारियों की जरूरत का आकलन करने के लिए नया एफटीई गुणांक तैयार किया है। इसके जरिए उपकरणों के विनिर्माण, परियोजनाओं की स्थापना और संचालन में आने वाले प्रत्यक्ष रोजगार का आकलन किया गया है। भारत अब कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य समय से पांच साल पहले 2025 में पूरा कर चुका है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 29.78 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण व किया शिलान्यास

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति बैठक में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 29 करोड़ 78 लाख की तीन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें 23 करोड़ 15 लाख की एक योजना का लोकार्पण और 6 करोड़ 63 लाख की दो योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शहरों के महापौर का स्वागत करते हुए कहा कि सभी महापौर अपने



शहर के प्रथम नागरिक और शहरवासियों की आशाओं, अपेक्षाओं और विश्वास के भी प्रतिनिधि हैं। आपके निर्णय का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा गांवों में बसती है, तो नागरिकों के सपने, उनकी आकांक्षाएं और उनके भविष्य की संभावनाएं शहरों में आकार लेती हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण पलों को उत्तराखंड में बिताया है। वे उत्तराखंड के प्रत्येक क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष चारधाम यात्रा में अब तक 45 दिनों में 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की है, जो एक नया रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सरल, सुगम और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि पहले आदि कैलाश के लिए 500 लोग आते थे। इस वर्ष यात्रा शुरू होने से अब तक प्रति दिन करीब 1000 लोग आदि कैलाश पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां पूर्णागिरि मंदिर में भी 24 लाख लोगों ने दर्शन कर लिए हैं। बीते चार साल में 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक उत्तराखंड आ चुके हैं।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शहरी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। आज स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के लाखों शहरों में साफ-सफाई की नई संस्कृति विकसित हुई है।

### ईरानी हमले से दहला कुवैत एयरपोर्ट, एक भारतीय नागरिक की मौत

**दुबई :** खाड़ी क्षेत्र में तनाव बेहद गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। बुधवार को ईरान ने कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर एक बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें टर्मिनल 1 को भारी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के तुरंत बाद कुवैत प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे एयरपोर्ट पर हवाई यातायात को पूरी तरह सस्पेंड कर दिया था। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। दूतावास ने स्पष्ट किया है कि वे स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं और पीड़ित परिवार के साथ-साथ घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले की वजह से मुख्य टर्मिनल को भारी क्षति पहुंची है। सुरक्षा बलों के अनुसार, यह ड्रोन और मिसाइल हमला उस समय हुआ जब बीते 1 दिन पहले ही ईरान और अमेरिका के बीच एक-दूसरे पर मिसाइल दागने की घटनाएं सामने आई थीं।

# ग्रेट निकोबार परियोजना पर जयराम रमेश ने फिर लिखा पायावारण मंत्री को पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर पर्यावरणीय नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को फिर पत्र लिख कर कहा कि परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन करते समय कानून के शब्द और भावना दोनों स्तरों पर पूर्ण अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने परियोजना के लिए किए गए पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययनों, मंजूरी प्रक्रिया और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति की रिपोर्ट को लेकर कई



सवाल उठाए। रमेश ने बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि मार्च 2022 की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट में स्वयं यह स्वीकार किया गया था कि अध्ययन केवल एक प्रारंभिक और त्वरित आकलन था। पर्यावरण मंत्रालय ने भी यह माना कि परियोजना की पर्यावरणीय मंजूरी व्यापक ईआईए अध्ययनों पर आधारित नहीं थी, जिनमें तीन मौसमों के प्राथमिक आंकड़ों का उपयोग किया जाता है। परियोजना से संबंधित विभिन्न अध्ययन केवल कुछ सप्ताह के दौरान जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित थे, जबकि इतने बड़े और संवेदनशील क्षेत्र के लिए विस्तृत और बहु-मौसमी अध्ययन आवश्यक थे। उन्होंने कहा कि मंत्रालय द्वारा पुराने और उपलब्ध आंकड़ों के उपयोग का तर्क दिया जा रहा है, जबकि परियोजना स्थल और उसके प्रभाव क्षेत्र से एकत्र किए गए प्राथमिक आंकड़ों का कोई विकल्प नहीं हो सकता। किसी भी बड़े विकास परियोजना के लिए परियोजना-विशेष अध्ययन और प्रत्यक्ष आंकड़ों का संग्रह पर्यावरणीय मूल्यांकन का मूल आधार होना चाहिए।

# चार राज्यों में 24 हजार करोड़ की प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सड़क संपर्क, तटीय संपर्क और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और बिहार में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। लगभग 24 हजार करोड़ की इन परियोजनाओं से यातायात सुगम होगा और औद्योगिक तथा पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में इन



फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड में मौजूदा मध्यवर्ती लेन को पक्के शोल्डर मानक के साथ दो लेन में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा देशगांव-जुलवानिया खंड में मौजूदा दो लेन मार्ग को चार लेन तक चौड़ा किया जाएगा। 233.653 किमी की इस परियोजना पर 4415.60 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान है। परियोजना के तहत खरगोन तक 16.20 किमी का ग्रीनफिल्ड बायपास भी निर्मित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक 163.18 किलोमीटर लंबी नई तटीय राजमार्ग परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना की कुल लागत 8,300.79 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसके निर्माण से तटीय क्षेत्रों में संपर्क बेहतर होगा तथा बंदरगाह आधारित आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस परियोजना से 9 आर्थिक और 5 रसद केंद्रों को जोड़ेगा। इससे रामेश्वरम और पारादीप के बीच यात्रा समय में ढाई घंटे की कमी आएगी।

तेलंगाना में एनएच-63 के आर्मूर-जगतियाल-मंचरियाल खंड तथा एनएच-563 के जगतियाल-करीमनगर खंड को चार लेन मानक तक विकसित किया जाएगा। 190.76 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 7,597.16 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे राज्य के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में यातायात क्षमता बढ़ेगी तथा माल परिवहन अधिक सुगम होगा।







नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**